पीवी सिंधु रू साइना नेहवाल जहां भारतीय महिला बैडमिंटन की चुनौती बनकर पूरी दुनिया पर छा गई हैं, उसी तरह पीवी सिंधु ने भी लगातार कामयाबियां हासिल करके नई आशा की किरण जगा दी है। 19 बरस की सिंधु देश की ऐसी पहली खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने विश्व बैडमिंटन चौंपियनशिप में लगातार 2 पदक हासिल किए हैं। 2013 और 2014 की विश्व बैडमिंटन प्रतियोगिता में सिंधु ने कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। यही नहीं, इस साल इंचियोन एशियाई खेलों की टीम स्पर्धा में जब भारत ने कांस्य पदक जीता, तब भी सिंधु भारतीय टीम का हिस्सा थीं। हैदराबाद की इस स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी ने 2014 के साथ का अंत भी खिताबी जीत के साथ किया। वे मकाऊ ओपन बैडमिंटन चौंपियनशिप में लगातार दूसरी मर्तबा चौंपियन बनीं। एमसी मैरीकॉम रू साइना और सिंधु के बाद यदि किसी तीसरी महिला खिलाड़ी का खयाल जेहन में आता है तो यकीनन वह खिलाड़ी एमसी मैरीकॉम ही हैं जिन्होंने उम्र को कभी अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। भारत में महिलाएं बाल–बच्चेदार होने के बाद खेल जीवन से संन्यास ले लेती हैं लेकिन मैरीकॉम उनमें शुमार नहीं हुईं।

भारतीय महिला बॉक्सिंग की श्आइकनश बन चुकी मैरीकॉम ने 3 बच्चों की मां बनने के बाद भी मुक्केबाजी के रिंग में जो पंच बरसाए, वह दीगर महिलाओं के लिए एक मिसाल बन चुके हैं। 5 बार की विश्व चौंपियन मैरीकॉम ने छठी विश्व मुक्केबाजी चौंपियनशिप में भी पदक जीतने का गौरव हासिल किया। चार बरस पहले ग्वांगझू एशियाड में जब मैरीकॉम ने कांस्य पदक पदक जीता था, तब लगा था कि वे अगले एशियाड में नहीं उतरेंगी, लेकिन 2014 के इंचियोन एशियाड में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर पूरे एशियाई जगत में यह साबित कर दिखाया कि उनकी बाजुओं में अभी भी फौलाद भरा हुआ है। मैरीकॉम की इसी अटूट खेलभावना ने बॉलीवुड को भी आकर्षित कर डाला और उनके जीवन पर फिल्म श्मैरीकॉमश बनी जिसमें मैरीकॉम का किरदार प्रियंका चोपड़ा ने बखूबी निभाया।

सनिया मिर्जा रू पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक की बीवी बनने के बाद भी सानिया मिर्जा ने टेनिस का दामन नहीं छोड़ा और वे अभी भी कामयाबियों की नई मंजिलें तय करती जा रही हैं। 2014 का साल भी सानिया के लिए बेहद खास रहा। इस साल उन्होंने अपने टेनिस करियर का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब (मिश्रित युगल) जीता। 2009 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2012 में फ्रेंच ओपन के बाद 2014 में सानिया ने अमेरिकी ओपन में ब्रूनो सोयर्स के साथ मिश्रित युगल खिताब जीतने में सफलता पाई। यही नहीं, सानिया डब्ल्यूटीए टूर फाइनल्स जीतने वाली देश की पहली टेनिस खिलाड़ी भी हैं। यह कामयाबी

उन्होंने कारा ब्लैक को साथ लेकर हासिल की। भारत की यह टेनिस सनसनी अंतरराष्ट्रीय टेनिस स्पर्धाओं की खातिर पहले इंचियोन एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले रही थीं लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनकी दिल्ली में मुलाकात हुई, तब जाकर देश की खातिर उन्होंने अपना इरादा बदल दिया। एशियाड में सानिया ने साकेत मायेनी के साथ मिश्रित युगल में जोड़ी बनाई और अपना गला सोने के पदक से सजाया। महिला युगल में भी सानिया मिर्जा के खाते में कांस्य पदक आया। 2015 की शुरुआत होने के पहले मीडिया में ये भी खबरें आईं कि उनकी पति शोएब मलिक के साथ अनबन चल रही है लेकिन इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टि दोनों की तरफ से किसी ने भी नहीं कीं, अलबत्ता खबरें तो यहां तक मिल रहीं हैं कि सानिया के परिवार में नया मेहमान जल्दी ही आने वाला है।

सरिता देवी रू 2014 में जहां एक ओर एशियाई खेलों में भारतीय कामयाबी की नई इबारत लिखी गई, वहीं एक खराब प्रसंग ने नए विवाद को जन्म दे दिया। यह विवाद था एल. सरिता देवी का। सरिता को जब लाइटवेट भार वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान कोरियाई मुक्केबाज के खिलाफ परास्त घोषित किया गया, तो वे रिंग में ही रो पड़ीं और पदक वितरण समारोह में उन्होंने कांस्य पदक लौटा दिया। एशियाई खेलों के इतिहास में भारत का यह पहला प्रसंग था, जब किसी खिलाड़ी ने पदक वितरण समारोह में पदक लेने से इंकार किया हो। उन्होंने यह पदक उसी खिलाड़ी को वापस कर दिया जिससे वह हारी थीं। हालांकि खुद सरिता ने भी बाद में अपने व्यवहार के लिए माफी मांग ली थी। सरिता पर ज्यादा सख्त कार्रवाई न हो, इसके लिए सचिन तेंदुलकर तक केंद्रीय खेलमंत्री से मिले। सरिता का विवाद लंबा चला। पहले यह कहा जा रहा था कि सरिता पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, लेकिन साल के आखिरी में फैसला हो गया कि सरिता केवल 1 साल तक मुक्केबाजी रिंग में नहीं उतर पाएंगी।

वेनेश फोगाट रू कुश्ती में सिर्फ भारतीय पुरुष पहलवान ही कामयाबी हासिल नहीं कर रहे हैं, बल्कि महिला पहलवाओं ने भी देश का नाम ऊंचा किया है। भारतीय महिलाओं ने अपनी कुश्ती कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों में 2 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक जीता। एशियाई खेलों में भी भारतीय पहलवान खाली हाथ नहीं लौटीं और उन्होंने भी 2 कांस्य पदक जीते। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल में वीनेश फोगाट का जलवा दिखाई दिया, जब उन्होंने 48 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भार वर्ग में अपना गला सोने के पदक से सजाया। वीनेश ने एशियाई खेलों में भी कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। वीनेश के पदचिह्नों पर चलकर गीतिका जाखड़ ने भी राष्ट्रमंडल खेलों में 63 किलोग्राम वर्ग में रजत और एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता। वीनेश और गीतिका के अलावा भारत की तीसरी पहलवान बबीता कुमारी भी ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की झोली में सोने का पदक डालने में कामयाब हुईं। दीपा कर्माकर रू जिम्नास्टिक में भी अब भारत अपनी दखल रखने लगा है और इसमें दीपिका कर्माकर का नाम शीर्ष पर है।

दीपिका देश की ऐसी पहली जिम्नास्ट बन गई हैं, जिन्होंने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल में भारत के लिए जिम्नास्टिक का दूसरा पदक जीता। इससे पहले 2010 में आशीष ने भारत के लिए पदक जीता था। महिलाओं की वोल्ट स्पर्धा 20 साल की दीपा ने 14.366 अंक अर्जित करके कांसे का पदक जीता। वे देश की पहली महिला जिम्नास्ट बन गई हैं, जिन्होंने राष्ट्रमंडल में कोई पदक जीता हो। महिला कबड्डी में दिखाया दम रू भारतीय महिलाओं ने पुरुषों कबड्डी टीम की शानदार कामयाबी से प्रेरणा लेकर लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। 2010 के एशियाई खेलों में भी सोने का पदक जीता था और इसे 2014 के एशियाई खेलों में भी बरार रखा। सनद रहे कि 1990 से कबड्डी को एशियाई खेलों में शरीक किया गया था और तभी से सोने के पदक पर भारत की पुरुष टीम का अधिकार है।

सन्दर्भः—

1- "Sports History in China"-
2- "Mr Ahmed D- Touny ¼EGY½] IOC Member"-
3- "Persian warriors"-
4- "Ancient Olympic Games"-
5- "Merriam&Webster"-
6- "Sport and apartheid"-
7- "Recognized non&Olympic Sports"- 2007&01&03-

International Refereed Research Journal | UGC JOURNAL No. - 44299 | ISSN-0975-4431

स्कूल छोड़ते बच्चों की फिक्र कौन करेगा

राममणी दुबेदी(शिक्षा सकांय)
प्रार्चया काल्याणिक केन्दीय शिक्षा निकेतन महाविघालय
अमरकंटक जिला अनुप पुर

शिक्षा में दाखिले को लेकर भारत का आंकड़ा बेशक सुनहरा है लेकिन आगे चलकर यही आंकड़ें बदरंग हो जाते हैं। यूनेस्को की रिपोर्ट में बताया गया है कि पांचवी के बाद बच्चे तेजी से स्कूल छोड़ रहे हैं

भारत सरकार के अपने आंकड़े भी कमोबेश यही बताते हैं और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की रिपोर्टें भी बताती हैं कि शैक्षिक ढांचे में ऐसी कई गड़बड़ियां निहित हैं जो हालात सुधरने नहीं देतीं। संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक और शैक्षणिक मामलो की एजेंसी यूनेस्को के सांख्यिकीय कार्यालय और ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट के एक ताजा संयुक्त अध्ययन में पाया गया है कि भारत में करीब पांच करोड़ बच्चे अपर सेकेंडरी स्कूल तक पहुंच नहीं पाते हैं। यानी छठी, सातवीं और आठवीं की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। वैश्विक स्तर पर, स्कूल से वंचित रह जाने वाले किशोरों की सबसे अधिक संख्या भारत में ही है।

2014 में यूनेस्को की रिपोर्ट ने भारत को सबसे निरक्षर देश आंका था। 2015 में देश का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) महज साढ़े 23 प्रतिशत था जबकि साक्षरता दर थी 74 फीसदी से ज्यादा। देश में प्राइमरी और सेकेंडरी स्तर की शिक्षा पर अपने शोध, अध्ययन और सर्वे के लिए मशहूर संस्था प्रथम की 2014 की सालाना शिक्षा रिपोर्ट बताती है कि भले ही 96।7 फीसदी बच्चों ने स्कूलों में दाखिला लिया हुआ है, उनमें से 71 फीसदी जाते भी हैं लेकिन बच्चो का शैक्षणिक स्तर भी सोचनीय पाया गया। यानी दाखिले और एनरोलमेंट तो भरपूर हैं लेकिन शिक्षा का स्तर कमजोर है।

गुणवत्ता शिक्षा हेतु नवीन लक्ष्य

किसी भी प्रकार के विकास एवं उन्नति के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है। शिक्षा के अभाव में कुछ भी अर्थपूर्ण हांसिल नहीं किया जा सकता। यह लोगों के जीवन स्तर में सुधार तथा उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु क्षमताओं का निर्माण कर तथा बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साक्षरता के स्तर में वृद्धि से उच्च उत्पादकता बढ़ती है तथा अवसरों के सृजन से स्वास्थ्य में सुधार, सामाजिक विकास और उचित निष्पपक्षता को प्रोत्साहन मिलता है। यह लोगों को अपने बलबूते पर किसी भी निर्णय लेने तथा विचार करने हेतु सामर्थ्य प्रदान करता है।

साक्षरता स्तर में वृद्धि तथा कुशल कार्यबल का विकास, मध्य प्रदेश को जीवन की गुणवत्ता में सुधार हेतु सहायता कर रहा है। आज के बदलते युग में उच्च शिक्षित एवं कुशल पेशेवरों की आवश्यकता निरंतर बढ़ रही है। राज्य के लिए यह अत्यावश्यक है कि वह सभी स्तर के लोगों के लिए शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराए। साथ ही यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सभी अपनी बुनियादी शिक्षा गुणवत्ता के साथ पूर्ण करे और सभी के लिए उच्च शिक्षा एवं उन्नत कौशल प्राप्त करने के अवसर यहां उपलब्ध हो। शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने बहुत अधिक उन्नति की है। साक्षरता दर वर्ष 2001 में 64 ।11 प्रतिशत थी, (संपूर्ण भारत – 65 प्रतिशत) जो वर्ष 2011 में बढ़कर 70 ।63 प्रतिशत (संपूर्ण भारत में 74 ।04 प्रतिशत) हुई। 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के दाखिलों का लक्ष्य लगभग पूरा कर लिया गया है। वर्ष 2011 में, प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) के लिए सकल दाखिला अनुपात 98 ।88 प्रतिशत तथा उच्च प्राथमिक सस्तर (कक्षा 6 से 8) के लिए सकल दाखिला अनुपात 99 ।27 प्रतिशत रहा है। ड्रॉपआउट रेट में भी कमी आयी है और अब यह प्राथमिक स्तर पर 8 ।2 प्रतिशत तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 7 ।4 प्रतिशत हो गई है। मध्य प्रदेश में महिला साक्षरता में सुधार लाने हेतु अधिक जोर दिया जा रहा है। राज्य का लक्ष्य न केवल साक्षर राज्य के रूप में बल्कि स्कूली समाज से परे शिक्षा के प्रति जागरूक समाज के रूप में शिक्षित राज्य होना है। इसलिए मध्यप्रदेश शासन सभी को उचित गुणवत्ता तथा प्रासंगिक शिक्षा के अवसर प्रदान करने और साथ ही रोजगारोन्मुखी तथा कौशल विकास के पाठ्यक्रम (कोर्स) पर अधिकतम बल दे रही है। इस क्षेत्र में, शासन भी निजी उद्यमियों को राज्य में रखने हेतु उत्सुक है, जो कि इन उद्देश्यों को वास्तविकता में लाने हेतु सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 6 से 14 वर्ष के बीच के सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार को प्रमाणित करने हेतु 1 अप्रैल, 2010 को प्रभाव में लाया गया। इस अधिनियम के द्वारा शासन तथा स्थानीय अधिकारियों पर निर्धारित मापदण्ड और नियम के अनुसार विद्यालय, शिक्षक तथा अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु दायित्व सौंपा गया।

समाज या राज्य अपना अधिकतम विकास करने में तभी सक्षम होगा, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमता में वृद्धि कर पाएगा। अपनी इस क्षमता को हांसिल करने के लिए व्यक्ति को शिक्षित होना होगा। 'श्बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009श्श के द्वारा राज्य शासन और स्थानीय निकायों को यह सुनिश्चित करने हेतु आदेश दिया गया है कि 6–14 वर्ष के आयु का प्रत्येक बच्चा कम से कम प्राथमिक शिक्षा पूरी करे।

क्या उच्च शिक्षा केवल अमीरों के लिए?

भारत में नरेंद्र मोदी सरकार ने मेडिकल और इंजीनियरिंग के और भी ज्यादा उत्कृष्ट संस्थान शुरू करने की घोषणा की है। आईआईएम जैसे प्रबंधन संस्थानों के केन्द्र जम्मू कश्मीर, बिहार, हिमाचल प्रदेश और असम में भी खुलने हैं। लेकिन बुनियादी ढांचे और फैकल्टी की कमी की चुनौतियां हैं। यहां सीट मिल भी जाए तो फीस काफी ऊंची है।

सबसे खतरनाक स्कूल
चट्टान और मौत पर चढ़ाई

चीन के शिचुआन प्रांत के अतुलेर गांव का एक स्कूल शायद दुनिया का सबसे खतरनाक स्कूल है। हर दिन बच्चों को बेहद कड़ी 800 मीटर की चढ़ाई चढ़ स्कूल जाना पड़ता है, वापसी में इसी रास्ते से नीचे भी उतरना पड़ता है।

ऐसा क्यों हो रहा है जबकि भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ी हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2003 से 2014 के बीच करीब दो लाख प्राइमरी स्कूल खुले हैं जो भारत में कुल प्राइमरी स्कूलों का करीब साढ़े 24 फीसदी हैं। इनमें से 95 फीसदी स्कूलों की अपनी इमारत भी है। लेकिन ये इमारतें किस हाल में हैं, वहां की दीवारों, कक्षों, दरवाजों, खिड़कियों, शौचालयों की क्या स्थिति है– ये भी देखा जाना चाहिए। स्कूलों का बुनियादी ढांचा चरमराया हुआ है। क्लासरूम से लेकर खेल के मैदान तक हर जगह छेद ही छेद हैं। बिजली, पानी, शौचालय, बाउंड्री दीवार, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर जैसी व्यवस्थाएं कहीं सही हैं तो कहीं सोचनीय।

स्कूल छोड़ने के इस तरह कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कारण हम देख सकते हैं। जैसे टीचरों की संख्या का अभाव। पांच लाख से ज्यादा टीचर ठेके पर हैं। उनमें से आधे प्रशिक्षित भी नहीं हैं। वैसे प्रशिक्षित टीचरों का ही घोर अभाव है। टीचरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था निजी हाथों में है और इस मामले में ये दुनिया का अकेला देश बताया जाता है जहां टीचरों की ट्रेनिंग का काम प्राइवेट हाथों में है। टीचर कम हैं तो जाहिर है उसका असर छात्र शिक्षक अनुपात पर पड़ रहा है। और नतीजा। नतीजा यही कि छह से 14 साल के सभी बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, लेकिन करीब साढ़े तीन करोड़ अब भी बाहर हैं।

क्यों खास है फिनलैंड का शिक्षा मॉडल
देर से शुरुआत

टंतरराष्ट्रीय स्कूलों की रैंकिंग में लगातार टॉप पर रहने वाले फिनलैंड के स्कूलों की सार्वजनिक

शिक्षा प्रणाली को आदर्श माना जाता है। पहला कारण बच्चों को ज्यादा लंबे समय तक बच्चे बने रहने देना है। यहां बच्चे करीब सात साल की उम्र में स्कूल जाना शुरु करते हैं जबकि भारत में 3 साल में।

पढ़ाई लिखाई बीच में ही छोड़ देने की सबसे बड़ी वजहों में एक गरीबी भी है। बड़े होते बच्चे अपनी पारिवारिक विवशताओं और सामाजिक हालात की वजह से साधारण रोजगार की ओर मुड़ जाते हैं। दुकानों, ढाबों, गैराजों, छोटे होटलों, रेहड़ी जैसे छोटे व्यवसायों में इस उम्र के बच्चों को देखा जा सकता है। दरअसल बेहतर संरचना के अलावा ऐसी नीतियों की भी जरूरत है जिसमें सीखने की पूरी अवधि के विभिन्न चरणों में आने वाली बाधाओं को दूर करते रह सकें। एक ऐसी मानवीय और पारदर्शी और कर्तव्यनिष्ठ निगरानी व्यवस्था की जरूरत है जो अपने बच्चों को न सिर्फ स्कूल लाए बल्कि ये सुनिश्चित भी करे कि वे पूरी पढ़ाई करके निकलें।

सन्दर्भः—

1. Schwartz, I., Allen, K. E (????). The Exceptional Child (4 ed.). Delmar engage Learning. ISBN 0-7668-0249-3.Inclusion in Early Childhood Education.
2. PhDinSpecialEducation.com "How to Support Special Needs Students"].
3. Zelkowitz, Alyssa. "Strategies for Special Education & Inclusion Classrooms".

International Refereed Research Journal | UGC JOURNAL No. - 44299 | ISSN-0975-4431

राष्ट्र निर्माण और विकास में महिलाओं की भूमिका "

इन्द्रा वर्मन

सहायक प्रध्यापक समाज शास्त्र विभाग

एक्सीलेंस संस्थान कोलार

भारत का नवनिर्माण इसकी आजादी के साथ हुआ। राष्ट्र निर्माण के विभिन्न स्तरों पर भारतीय नारी का असीम योगदान रहा है। महिलाओं ने न सिर्फ कड़े संघर्ष से मिली स्वतंत्रता को बनाए रखा बल्कि हर क्षेत्र में अपने देश का नाम मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ बुलंदियों तक पहुंचाया।

राजनैतिक और सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में महिलाओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। विजय लक्ष्मी पंडित ने 1946, 1947, 1950 और 1963 में संयुक्तराष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 1953–54 में वह संयुक्तराष्ट्र महासभा की सदस्य भी रहीं। 1962–64 में महाराष्ट्र की राज्यपाल और 1964–66 तक लोकसभा की सदस्य रहीं। कुल्सुम जे. सायानी ने 1957 में यूनेस्को के तत्वावधान में हुए प्रौढ़ शिक्षा सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें 1959 में समाज सेवा के लिए पद्मश्री तथा 1969 में नेहरू साक्षरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जैनब बेगम 1972 में विधानसभा की सदस्य निर्वाचित हुईं तथा कई वर्षों तक जिला कांग्रेस कमेटी श्रीनगर की अध्यक्षा रहीं। उन्होंने पिछड़ी हुई जातियों के लिए 27 वर्ष तक निरंतर कार्य किया। वह इनके बीच रहीं, इनके दुख–दर्द को समझा और बराबर जन कल्याण में जुटी रहीं। उन्होंने युद्ध विधवाओं को बसाने के लिए बहुत–सी योजनाएं बनाईं जिससे वे अपने परिवार का पालन–पोषण कर सकें। अहिंसा आंदोलनों में सहभागिता करने वाली अनुसूया बाई स्वतंत्रता के बाद केन्द्रीय विधान सभा की सदस्या चुनी गईं।

इंदिरा गांधी ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री के तौर पर शासन व्यवस्था बखूबी संचालित की। उनके नेतृत्व में भारत राजनीतिक मोर्चे पर ही आगे नहीं बढ़ा बल्कि आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में उसने उल्लेखनीय प्रगति की है। बैंकों में राष्ट्रीयकरण से समाजवाद तथा पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से देश के आर्थिक विकास को नई दिशा दी। विज्ञान के क्षेत्र में भी उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। अपनी सूझ–बूझ और दूरदर्शिता से उन्होंने भारत की विदेशी नीति को नए आयाम दिए। बंगला देश के

स्वतंत्रता आंदोलन और पाकिस्तान से युद्ध के दौरान उन्होंने अद्वितीय भूमिका निभाई। राजधानी में एशियाई खेलों का सफल आयोजन तथा मार्च, 1983 में नई दिल्ली में गुट निरपेक्ष राष्ट्रों का शिखर सम्मेलन आयोजित कर उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय जगत में भारत का मान बढ़ाया। गुट निरपेक्ष आंदोलन की अध्यक्षा के रूप में उन्होंने युद्ध की विभीषिका को कम कर विश्व शांति की स्थापना के लिए अथक प्रयास किए। उनके देश की बागडोर संभालने के वकत देश गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था। 1962 के चीनी हमले और 1965 में पाकिस्तान से युद्ध के कारण आर्थिक स्थिति गड़बड़ाई हुई थी। 1965 में सूखे ने हालात और भी भयावह कर दिए थे। निर्गुट राष्ट्र सम्मेलन में भारत का बोलबाला कम हो रहा था। ऐसी अनेक समस्याओं को धैर्य से हल करके इंदिरा गांधी ने भारत की प्रतिष्ठा और लोकप्रियता में शानदार वृद्धि की।

ाांतिदूत मदर टेरेसा ने विदेशी होते हुए भी भारत को अपना कर्मक्षेत्र बनाया। कलकत्ता में 'द सोसाइटी ऑफ द मिशनरीज ऑफ चौरिटी' नामक संस्था के माध्यम से उन्होंने गरीबों, दीन–दुखियों, लाचारों की सेवा का बीड़ा उठाया। उन्होंने करुणा तथा प्रेम को नया अर्थ प्रदान किया। अनेक अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित मदर टेरेसा अपनी पूरी जिन्दगी दया का फरिश्ता बनी रहीं। उन्होंने दया, प्रेम, सेवा, मानवता के संदर्भों को भारत के परिप्रेक्ष्य में पूरी दुनिया में वितरित किया।

दुर्गाबाई देशमुख ने महिलाओं के कल्याण के लिए केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड की स्थापना की। 1953 से 1965 तक वह इसकी चेयरमैन रहीं। उन्होंने अखिल भारतीय महिला परिषद् की कार्यकता के नाते व्यापक सामाजिक कार्य किए। वह महिला शिक्षा की राष्ट्रीय कमेटी, आंध्र महिला संघ, विश्वविद्यालय महिला संघ, नारी रक्षा समिति तथा नारी निकेतन से सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं। महिला व समाज कल्याण पर उन्होंने अनेक पुस्तकें लिखीं। 1975 में उन्हें पद्म भूषण की उपाधि प्रदान की गई।

पद्मजा नायडू ने 1956–67 तक पश्चिम बंगाल की प्रथम महिला राज्यपाल के तौर पर उल्लेखनीय कार्य किया। 1968–74 तक वह नेहरू मैमोरियल एंड म्यूजियम की अध्यक्षा भी रहीं। पदम भूषण डॉ. मुत्थुलक्ष्मी रेड्डी ने मद्रास में कैंसर अस्पताल की स्थापना की। वह मद्रास स्टेट सोशल वेलफेयर एडवाइजरी बोर्ड की 1957 तक अध्यक्षा रहीं। दिल्ली की सुविख्यात समाज सुधारक रुस्तमजी फरीदोनजी ने महिलाओं के लिए नागरिक एवं राजनीतिक दोनों अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वह अंत तक इंडिया ऐजूकेशन फंड एसोसिएशन की अध्यक्षा रहीं। उन्होंने दिल्ली के 'लेडी इरविन कॉलेज फॉर वुमन' की स्थापना भी की। दक्षिण भारत की समाज सुधारक लक्ष्मी मेनन 1952 में राज्य सभा हेतु निर्वाचित हुईं। 1952–57 तक संसदीय सचिव, 1952–57 तक डिप्टी मिनिस्टर, 1957–62 तक राज्य मंत्री तथा 1962–67 तक विदेश मंत्रालय में रहीं। उन्हें 1957 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 1967 में उन्होंने

सक्रिय राजनीति से अवकाश ग्रहण कर अपना सारा समय महिलाओं के सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यों को समर्पित कर दिया। वह ऑल इंडिया वुमेंस कान्फ्रेंस की फाउंडर मेंबर थीं। पद्मश्री से सम्मानित दिल्ली की सविता बेन 1946—53 तक दिल्ली प्रदेश सेविका दल की जनरल ऑफिसर कमांडिंग रहीं। उन्होंने हरिजन व मजदूर बच्चों के लिए तीन स्कूल खोले। दिल्ली में हरिजन प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, महिलाओं के लिए ट्रेनिंग तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र तथा दो केन्द्र शरणार्थी महिलाओं के लिए खोले। 1956—57 में वह दिल्ली पालिका केन्द्र की प्रथम महिला उपाध्यक्ष रहीं। 1972 में वह राज्य सभा हेतु निर्वाचित हुईं उपरोक्त के अलावा भी असंख्य अन्य महिलाओं ने देश की राजनीति में सक्रिय भाग लेकर इसके विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

1972—73 में महाराष्ट्र व उत्तराखंड में महिलाओं ने शराब विरोधी अभियान छेड़े। उत्तराखंड में महिलाओं ने वृक्षों से चिपककर बिगड़ते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी चिंता जताई, इन्हीं वर्षों में महाराष्ट्र में महिलाओं का बढ़ती महंगाई के खिलाफ अभियान शुरू हुआ। 1975 में वामपंथी महिलाओं ने पुणे में पुरोग्रामी स्त्री संगठन तथा मुंबई में स्त्री मुक्ति संगठन स्थापित करके दलित महिलाओं व देशवासियों के उत्थान की दिशा में काम किया। 1975 में प्रगतिवादी महिला संगठन ने हैदराबाद में पहला दहेज विरोधी मोर्चा निकाला। 80 के दशक में महिला दक्षता समिति, कर्मिका, नारी रक्षा समिति, सहेली ने मिलकर दहेज के खिलाफ आवाका बुलंद की और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ लोगों में चेतना पैदा की। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान गांधी जी ने जिस सत्याग्रह को अपनाया था उसे उन्होंने इस देश की साधारण महिलाओं से ही सीखा था। बातचीत द्वारा समस्या का हल निकालना, वार्तालाप करना, धीरे—धीरे विरोधी को अपने अनुकूल ढालना—यह सब तरीके महिलाओं ने अपने अनुभवों से ही विकसित किए हैं।

वर्तमान में भी महिलाएं दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में महापौर, मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, राज्य मंत्री और सांसदों के पद पर आसीन हो देश की प्रगति के लिए कार्यशील हैं। देश के विभिन्न राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों में भी महिलाएं विभिन्न पदों पर आसीन हैं। अनेक सामाजिक संगठनों के बल पर राष्ट्र की छवि निखारने का बीड़ा महिलाओं ने उठाया है, उनका यह कार्य श्लाघा योग्य है।

थ्कसी भी राष्ट्र के निर्माण में साहित्य की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण रही है। विशिष्ट साहित्य समाज के नागरिकों में उत्तम गुणों का संचार करता है तथा राष्ट्र को अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर मान दिलाता है। भारतीय साहित्य क्षेत्र में महादेवी वर्मा, सुभद्रा कुमारी चौहान से लेकर नई पीढ़ी की महिला रचनाकारों में भी राष्ट्र के प्रति गौर, आस्था के भाव व नागरिकों के लिए चेतना के स्वर प्रस्फुटित होते आए हैं। कहानी के क्षेत्र में मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती, उषा प्रियंवदा, मृदुला गर्ग, मैत्रेयी पुष्पा, कवियित्रियों में कीर्ति चौधरी, शकुंत माथुर, इंदु जैन, स्नेहमयी चौधरी, अनामिका कात्यायनी के अतिरिक्त समग्र साहित्य के क्षेत्र में अमृता

प्रीतम, अजीत कौर, अनिता देसाई, कमला दास, शशि देशपांडे, मंजीत कौर टिवाणा, पदमा सचदेव, प्रतिभा दे, लिली मिश्रा दे, राजम कृष्णन, प्रभजोत कौर, कुर्रतुल–एन–हैदर, तारा मीरचंदानी, मालती चंदर, महाश्वेता, कला प्रकाश, आशापूर्णा देवी, कुंदनिका कपाड़िया, सुनेत्र गुप्ता, इंदिरा गोस्वामी, नवनीता देव सेन सहित अनेक महिला रचनाकारों ने विभिन्न भाषाओं में अपनी रचनाओं में भारतीय जन–जीवन, मानवीय संवेदनाओं का गहन चित्रण कर के देश–विदेश में भारत का मस्तक ऊंचा किया। अरुंधती राय को उनके उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्माल थिंग्स' के लिए बहुप्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार मिला।

आज मीडिया, पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में भी महिलाओं का वर्चस्व कायम है। सेना, वायुयान उड़ाना, पर्वतारोहण आदि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी भागीदारी करके लैंगिक असमानता को दूर कर दिखाया है। शिक्षा, विज्ञान, खेल–कूद, व्यवसाय, सूचना–प्रौद्योगिकी, चिकित्सा आदि सभी क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों से अधिक योग्य सिद्ध हो रही हैं। 9 मई, 1984 को कुमारी बछेंद्रीपाल एवरेस्ट चोटी पर विजय पताका फहराने वाली प्रथम भारतीय महिला बनीं। 5 अक्तूबर, 1989 को केरल उच्च न्यायालय की भूतपूर्व न्यायाधीश एम. फातिमा बीवी ने सर्वोच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश के पद को सुशोभित किया। गीत–संगीत के क्षेत्र में महिलाओं ने आकाश की बुलंदियों को स्पर्श करके विदेशियों को भी मोहित किया है। एम. एस. सुब्बलक्ष्मी ने अपनी मीठी वाणी से कर्नाटकीय संगीत को पश्चिम के लोगों में लोकप्रिय कर दिया। स्वर कोकिला लता मंगेशकर तथा आशा भोंसले की मीठी तान सुनकर भारतीय ही नहीं सुदूर देशों में बसे विदेशी भी झूम उठते हैं। प्रथम महिला आई.पी.एस. किरण बेदी ने भारत की सबसे बड़ी तिहाड़ जेल में कैदियों को सुधार कर अपने प्रयास शुरू किए। उन्हें वांछित सफलता के साथ–साथ मैगासेसे पुरस्कार और जोसफ बियुस पुरस्कार मिले, साथ ही विश्वव्यापी प्रसिद्धि भी। कमला देवी चट्टोपाध्याय भारतीय संस्कृति, कला रंगमंच और साहित्य की प्रमुख हस्ताक्षर रहीं हैं वह समाज सेवा और राजनीति में भी अग्रणी रहीं। उन्होंने भी मैगासेसे पुरस्कार हासिल कर भारत का मान बढ़ाया।

मीरा नायर, कल्पना लाजमी, पूजा भट्ट जैसी महिलाओं ने बतौर निर्देशक रजत पट का स्पर्श किया है तो अभिनेत्रियों के दौर पर अभिनय कला को समृद्ध करने वाली महिलाओं की फेहरिस्त काफी लंबी है तथापि देविका रानी, नरगिस, मीना कुमारी, मधुबाला, वैजयन्ती माला, वहीदा रहमान, ललिता पवार, शर्मिला टैगोर, हेमा मालिनी, माधुरी दीक्षित, ऐश्वर्या राय, तब्बू सरीखी अभिनेत्रियों ने देश–विदेश के दर्शकों के दिलों पर राज करते हुए भारतीय सिनेमा की पहचान विश्व भर में बनाई है।

आर्थिक स्तर पर महिलाओं ने स्वयं उद्यमी बनकर राष्ट्रीय विकास करते हुए अपनी जगतव्यापी पहचान बनाई है। सौंदर्य जगत में शहनाज हुसैन ऐसा नाम है जिसने भारत के कोने–कोने में मौजूद

जड़ी–बूटियों को लेकर छोटा–सा व्यवसाय शुरू किया और सफलता के शीर्ष पर सौंदर्य जगत में कीर्तिमान स्थापित कर दिया। फैघ्शन के नभ पर दैदीप्यमान आशिमा–लीना सिंह ने एक सिलाई मशीन से कपड़े सिलने की शुरूआत कर फैशन की दुनिया में तहलका मचा दिया। आज विभिन्न तकनीकी संस्थानों में महिलाएं बढ़–चढ़ कर प्रवेश ले रही हैं। उनमें आत्मगौरव, आत्मविश्वास व साहस का संचार हुआ है और देश के आर्थिक विकास में योगदान दे रही हैं। इसी प्रकार अनेक निजी महिला संगठनों के अलावा महिला मंडल, सोसायटी फॉर प्रोफैशनल इंस्टीट्यूशन, वाई. डब्ल्यू. सी. ए., महिला पॉलिटेक्निक जैसी तमाम संस्थाओं के माध्यम से आज हजारों महिलाएं देश के आर्थिक विकास की दिशा में अहम भूमिका निभा रही हैं।

श्राष्ट्र के समग्र विकास तथा उसके निर्माण में महिलाओं का लेखा–जोखा और उनके योगदान का दायरा असीमित है तथापि देश के चहुंमुखी विकास तथा समाज में अपनी भागीदारी को उसने सशक्त ढंग से पूरा किया है। अपने अस्तित्त्व की स्वतंत्रता कघयम रखते हुए वह पुरुषों से भी चार कघ्दम आगे निकल गई हैं। संकीर्णता, जात–पात, धार्मिक कट्टरता, भेदभाव, मानसिक गुलामी की जंजीरों को तोड़कर महिलाओं ने देश को एक नई सोच, नया विचार प्रदान किया है।
उन सभी नेताओं का राष्ट्र ऋणी रहेगा जिन्होंने सच्चे अर्थों में राष्ट्र को गुलामी के बंधनों से मुक्त कराया और स्वतंत्रता के उपरांत निरूस्वार्थ भाव से इसका नवनिर्माण करते हुए विश्व के शिखर तक पहुँचाया। राष्ट्र और आजाद भारत के हम सभी नागरिक उन सभी जानी–अनजानी महिलाओं के प्रति भी कृतज्ञ हैं जिन्होंने हमें मुक्त हवा में सांस लेने की स्थिति प्रदान की हमें प्रकाश प्रदान करके खुद गुमनामी के अंधेरों में खो जाने वाली उन अज्ञात वीरांगनाओं को भी।
हम ह्रदय की असीम गहराइयों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के अभूतपूर्व योगदान को स्मरण कर मन स्वतरू ही कह उठता है नारी तुम महान हो!

राष्ट्र निर्माण और विकास में महिलाओं की भूमिका

"नारी" विधाता की सर्वोत्तम और नायाब सृष्टि है घ्य नारी की सूरत और सीरत की पराकाष्ठा और उसकी गहनता को मापना दुष्कर ही नहीं अपितु नामुमकिन है घ्य सामाजिक , सांस्कृतिक , धार्मिक, भौगोलिक ,ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी के विविध स्वरूपों का न केवल बाह्य ,अपितु अंतर्मन के गूढ़तम भाव–सौन्दर्यात्मक स्वरुप का भी रहस्योद्घाटन हुआ है घ्य नारी, प्रकृति एवं ईश्वर द्वारा प्रदत्त अद्भुत 'पवित्र साध्य' है ,जिसे महसूस करने के लिए 'पवित्र साधन' का होना जरूरी है घ्य इसकी न तो कोई सरहद है और ना ही कोई छोर ! यह तो एक विराट स्वरूप है ,जिसके आगे स्वयं विधाता भी नतमस्तक होता है घ्य यह 'अमृत–वरदान' होने के साथ–साथ 'दिव्य औषधि' है घ्य नारी ही वह सौंधी मिट्टी की महक

है , जो जीवन–बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र–निर्माण एवं विकास में अपनी महत्ती भूमिका निभाती है द्य नारी के लिए यह कहा जाए कि यह– "विविधता में एकता है" ३तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी द्य क्यों कि महिलाओं के बाह्य स्वरूप ,सौन्दर्य और पहनावे में विविधता तो होती है , लेकिन उनके मानस में एकाकार और केन्द्रीय शक्ति ईश्वर की तरह 'एक' ही होती है द्य इसी शक्ति के इर्द–गिर्द सूर्य और अन्य ग्रहों की भाँति अनेक प्रकार के सद्‌गुण निरन्तर गतिमान रहते हैं जैसे कृ विश्वास, प्रेम, करूणा ,निष्ठा , दया , समर्पण, त्याग, बलिदान , ममता , शीतलता , स्नेह , कुशलता , कर्तव्यपरायणता , सहनशीलता , मर्यादा , समता , सृजनशीलता और सहिष्णुता इत्यादि–इत्यादि द्य इन्हीं विविध शक्तियों के परिणामस्वरूप महिलाओं का राष्ट्र–निर्माण और विकास में अद्‌भुत और अतुलनीय योगदान है द्य महिलाओं के इस सतत् योगदान को हम कुछ बिन्दुओं के माध्यम से समझ सकते हैं कृ

१. माँ के रूप में योगदान रूदृ मानव कल्याण की भावना ,कर्तव्य ,सृजनशीलता एवं ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में माँ के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र–निर्माण और विकास में अपना विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है द्य बच्चों को जन्म देकर उनका पालन–पोषण करते हुए उनमें संस्कार और सद्‌गुणों का उच्चतम विकास करती हैं तथा राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती हैं ताकि राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे द्य वीर भगतसिंह , चन्द्रशेखर , विवेकानन्द जैसी विभूतियों का देशहित में अवतार "माँ " के स्वरूप की ही देन है द्य माता जीजाबाई , जयवंताबाई , पन्नाधाय जैसी अनेक माताओं का त्याग ,समर्पण और बलिदान आज भी इतिहास के स्वर्णिम पन्नों पर अंकित है द्य माँ ही है , जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है , जो राष्ट्र– निर्माण के लिए आवश्यक है द्य नेपोलियन बोनापार्ट ने "माँ" की गरिमा को समझते हुए कहा था कि दृमुझे एक योग्य माता दो ,मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूँगा द्य इस कथन से माँ के स्वरूप का राष्ट्र–निर्माण और विकास में अतुलनीय योगदान छिपा है द्य

२. पत्नी के रूप में योगदान रूदृ माँ के पश्चात पत्नी का अवतार राष्ट्र–निर्माण और विकास में महत्ती भूमिका निभाता है द्य पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्‌गुणी बना सकती है । सदियों से देखने में आया है , कि जब भी देश पर संकट आया है तो पत्नियों ने ही अपने शौहर के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जूनून और विश्वास के साथ रणभूमि में भेजा है । यही नहीं पत्नी ही "हाड़ी" बनकर शीश काटकर दे देती है । साहित्य समाज का दर्पण होता है ३. जो कि राष्ट्र–निर्माण और विकास में योगदान देता है । इस योगदान की और पत्नियों का अहम योगदान देखा जा सकता है । उदाहरण के लिए कृ तुलसीदास जी के जीवन को आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने में उनकी पत्नी "रत्नावली" का ही बुद्धि–चातुर्य था । "वि ाोत्तमा" ने कालीदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था । हम छोटी सी बात का जिक्र करें तो यह बेमानी

नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार ,बेईमानी ,लूट ,गबन इत्यादि , जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं ,जैसे कुकृत्यों से पत्नी ही दूर रखती है ,जो कि देश की अर्थव्यवस्था के विकास के लिए सही भी है ।

३. गृहिणी के रूप में योगदान रू कृ भारतीय समाज में महिलाऐं परिवार की मुख्य "धुरी" होती हैं ,जो कि एक गृहिणी के रूप में राष्ट्र– निर्माण और विकास में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाती हैं ,जो कि "अन्नपूर्णा" के ऐश्वर्य से अलंकृत और सुशोभित है । एक गृहिणी के रूप में वह सम्पूर्ण परिवार का सुचारू रूप से संचालन करती है तथा परिवार के संचालन हेतु बचत की प्रवृत्ति को भी विकसित करती हैं । वर्ष 1930, 1998 ,2008 और 2014 में आई वैश्विक आर्थिक मंदी से सभी देश ग्रसित हुए , परन्तु भारत नहीं !!! क्यों कि भारतीय महिलाओं की बचत की प्रकृति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बचाया । ऐसा ही उदाहरण हमें वर्ष 2016 की नोटबंदी के दौरान देखने को मिला । इसी के साथ ही लगभग 65 प्रतिशत महिलाऐं कृषि एवं पशुपालन का कार्य करते हुए देश की अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देती हैं । इनके अतिरिक्त हस्तकलाओं का निर्माण करते हुए भी विकास कार्यों को गति प्रदान करती हैं । अत रू यह भी राष्ट्र–निर्माण और विकास का ही एक हिस्सा है ।

४. संस्कृति, संस्कार और परम्पराओं की संरक्षिका के रूप में योगदान रूदृ महिलाऐं ही संस्कृति, संस्कार और परम्पराओं की वास्तविक संरक्षिका होती हैं । वे पीढ़ी दर पीढ़ी इनका संचारण और संरक्षण करती रहती हैं , सम्पूर्ण विश्व में भारत को विश्वगुरू का दर्जा दिलाने में महिलाओं की ही भूमिका रही है । यही कारण है कि भारत को संस्कृति और परम्पराओं का देश कहा जाता है ।

५. सामाजिक–शैक्षिक–धार्मिक योगदान रूदृ सभ्यता ,संस्कृति ,संस्कार और परम्परा महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी मे हस्तान्तरित होती हैं । अत रू महिलाओं के सामाजिक–शैक्षिक–धार्मिक कार्य व्यक्ति ,परिवार ,समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं । कहा भी गया है कि कृ सशक्त महिला , सशक्त समाज की आधारशिला है । माता बच्चे की प्रथम शिक्षक है , जो बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तरदायी है । जब यह शिक्षिका परिवार से निकलकर समाज में शिक्षा का दान करती है तो यह एक सर्वोत्तम और पावन कार्य हो जाता है । देश की प्रथम शिक्षिका " सावित्री बाई फुले " एक अनुकरणीय उदाहरण है । वैदिक सभ्यता की मैत्रेयी , गार्गी , विश्ववारा , लोपामुद्रा ,घोषा और विदुषी नामक महिलाऐं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान हेतु आज भी पूजनीय हैं ,जिन्होंने राष्ट्र–निर्माण और विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया ।

६. स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान रू–गुलामी राष्ट्र–निर्माण और विकास में न केवल बाधक है ,अपितु यह राष्ट्र को स्थिरता प्रदान करती है । यही कारण रहा है कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में

महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत का नव–निर्माण करवाया । हमारे स्वतंत्रता आंदोलन में अनेक महिलाओं ने अपना अमूल्य योगदान देते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया । कैप्टन लक्ष्मी सहगल , अरूणा आसफ अली ,दुर्गा भाभी ,मैडम भीकाजी कांमा ,सरोजिनी नायडू और एनीबीसेन्ट जैसी जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र–निर्माण और विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया है ।

७. वैज्ञानिक योगदान रूदृ आत्मविश्वास , लगन , मेहनत , कर्मठता ,सृजनशीलता और बुद्धि–कौशल के कारण महिलाओं के लिए वैज्ञानिक खोजों और अनुसंधान का क्षेत्र अछूता नहीं है । आज अनेक महिलाऐं रक्षा विशेषज्ञ और वैज्ञानिकों के रूप में अपना योगदान राष्ट्र–निर्माण और विकास में दे रही हैं । डॉ० टेसी थॉमस ने अग्नि–5 मिसाइलों की योजना का प्रतिनिधित्व करते हुए "भारत की मिसाइल वुमैन और अग्निपुत्री " का सम्मान हासिल किया है । ऐसी बहुत सी महिलाऐं वैज्ञानिक विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए राष्ट्र–निर्माण और विकास में योगदान दे रही हैं ।

८. राजनैतिक योगदान रूदृ देश की राजनीति की दिशा और दशा इस बात पर निर्भर करती है कि उनका संचालन करने वाला व्यक्तित्व कैसा है ? इसी क्रम में महिलाओं ने यह सिद्ध करके दिखाया है कि वो राजनैतिक विकास में अपनी भागीदारी बखूबी निभा सकती हैं । सरोजिनी नायडू , सुचेता कृपलानी , इंदिरा गाँधी इत्यादि अनेक महिलाओं ने अपनी राजनैतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र–निर्माण और विकास में किया है ,जो कि एक महत्वपूर्ण और सार्थक कदम है ।

९. प्रशासनिक क्षेत्र में योगदान कृ किसी भी राष्ट्र का प्रशासन उस राष्ट्र की प्रगति और विकास का सूचक होता है । यदि प्रशासनिक दक्षता और कुशलता सदृढ़ है तो राष्ट्र की प्रगति और विकास सुनिश्चित है । वर्तमान में अनेक महिलाऐं भारतीय प्रशासनिक सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवाओं में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर राष्ट्र–निर्माण और विकास में अपना अतुलनीय योगदान दे रही हैं

१०. साहित्यिक योगदान रूदृ साहित्य ,समाज का दर्पण होता है । साहित्य के माध्यम से राष्ट्र–निर्माण और विकास उच्चतम स्तर पर किया जा सकता है ,क्यों कि साहित्य के द्वारा न केवल बुद्धि–कौशल वरन् व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास किया जा सकता है । यह साहित्यिक–कर्म यदि महिलाओं के द्वारा हो तो यह सोने पर सुहागा होता है ,क्यों कि महिलाओं में वि।मान "मर्म " साहित्य को गुणवत्तापूर्ण बनाता है । अनेक महिलाओं ने साहित्य–सृजनधर्मिता के द्वारा राष्ट्र–निर्माण और विकास में अपना विशेष योगदान दिया है ,जैसे दृ महादेवी वर्मा ,अमृता प्रीतम , मीरा ,आशापूर्णा देवी , महाश्वेता देवी , झुम्पा लाहिड़ी और सुभद्रा कुमारी चौहान इत्यादि–इत्यादि । इन्होंने ऐसा कालजयी साहित्य लिखा ,जो कि व्यक्तित्व विकास के साथ–साथ आध्यात्मिक और नैतिक विकास को भी बल प्रदान करता है , जिसमें चेतना और राष्ट्र–निर्माण के स्वर मुखरित होते हैं ।

अत रू हम कह सकते हैं कि महिलाओं ने अपने कर्तव्य, कर्मठता और सृजनशीलता के माध्यम से राष्ट्र–निर्माण और विकास में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है । आज भी नारी पुरूषों के समान ही सुशिक्षित ,सक्षम ,और सफल है , चाहे वह क्षेत्र सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक , खेल, कला , साहित्य , इतिहास , भूगोल, खगोल, चिकित्सा , सेवा , मीडिया या पत्रकारिता कोई भी हो । नारी की उपस्थिति, योगदान ,योग्यता ,उपलब्धियाँ ,मार्मिकता और सृजनशीलता स्वयं एक प्रत्यक्ष परिचय देती हैं । परिवार और समाज को संभालते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नारी ने हमेशा से ही विजय–पताका लहराते हुए राष्ट्र–निर्माण और विकास में अपना विशेष और अभूतपूर्व योगदान दिया है । यही कारण है कि वह सृजना ,अन्नपूर्णा, देवी ,युग–दृष्टा और युग–सृष्टा होने के साथ ही " स्वयं–सिद्धा" भी हैँ।

सन्दर्भः–

1. विश्व की सर्वाधिक सुंदर महिला?"cbsnews-com- अभिगमन तिथि २७ अक्टूबर २००७
2. "Rajya Sabha passes˘omen's Reservation Bill"- द हिन्दू. अभिगमन तिथिरू 25 अगस्त 2010.
3. खेपदकन.com/2010/03/10/stories/2010031050880100-htm "Rajya Sabha passes Women's Reservation Bill"]- n हिन्दू. अभिगमन तिथिरू 25 अगस्त 2010.
4. Jayapalan ¼2001½- Indian society and social institutions- Atlantic Publishers & Distri-- iŒ 145- आई०ष्स०बी०प्न० 9788171569250-
5. इस तक ऊपर जायेंरू आ इ ई उ ˘ब्वउमद पद भ्पेजवतलष् छंजपवदंस त्मेवनतबम ब्मदजमत वित˘वउमद. अभिगमन तिथिरू 2006–12–24.
6. आदर्श पत्नीरू त्रियम्बकयाज्वन द्वारा स्त्रीधर्मपद्धति (महिलाओं के कर्त्तव्यों में सहायक) (अनुवादक जूलिया लेसली), पेंग्विन 1995 आईएसबीएन 0–14–043598–0.
7. मम म•जमदेपअम म•बमतचजे तिवउ strIdharmapaddhati at http://www-cse-iitk-ac-in/~amit/books/tryambakayajvan&1989&perfect&wife&stridharmapaddhati-html
8. Mishra, R- C. (2006). Towards Gender Equality- Authorspress. आई०ष्स०बी०प्न० 81–7273–306–2.
9. Pruthi] Raj Kumar; Rameshwari Devi and Romila Pruthi ¼2001½- Status and Position of Women: In Ancient] Medieval and Modern India- Vedam books- आई०ष्स०बी०प्न० 81&7594&078&6.

International Refereed Research Journal | UGC JOURNAL No. - 44299 | ISSN-0975-4431

बलिदानी, शहीद और राष्ट्रनिर्माता रानी अबंती बाई का इतिहास

रंजीता टेकाम
सहायक प्रध्यापक समाज शास्त्र विभाग
बुधनी म.प्र.

रानी अवंतीबाई भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली वीरांगना थीं। 1857 की क्रांति में रामगढ़ की रानी अवंतीबाई रेवांचल में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार थी। 1857 के मुक्ति आंदोलन में इस राज्य की अहम भूमिका थी, जिससे इतिहास जगत अनभिज्ञ है। 1817 से 1851 तक रामगढ़ राज्य के शासक लक्ष्मण सिंह थे। उनके निधन के बाद विक्रमादित्य सिंह ने राजगद्दी संभाली। उनका विवाह बाल्यावस्था में ही मनकेहणी के जमींदार राव जुझार सिंह की कन्या अवंती बाई से हुआ। विक्रमादित्य सिंह बचपन से ही वीतरागी प्रवृत्ति के थे और पूजा–पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठानों में लगे रहते। अतरू राज्य संचालन का काम उनकी पत्नी रानी अवंतीबाई ही करती रहीं। उनके दो पुत्र हुए–अमान सिंह और शेर सिंह। अंग्रेजों ने तब तक भारत के अनेक भागों में अपने पैर जमा लिए थे।
भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के पूर्वाग्रहीत एवं त्रुटिपूर्ण लेखन के कारण बहुत से त्यागी,

बलिदान, शहीदों और राष्ट्रनिर्माताओं को इतिहास के ग्रन्थों में उचित सम्मानपूर्ण स्थान नहीं मिल सका है। परन्तु ये शहीद और राष्ट्रनिर्माता जन–अनुश्रुतियों एवं जन–काव्यों के नायक एवं नायिकाओं के रूप में आज भी जनता के मन को अभीभूत कर उनके हृदय पर राज कर रहे हैं। उनका शोर्यपूर्ण बलिदानी जीवन आज भी भारतीयों के राष्ट्रीय जीवन का मार्गदर्शन कर रहा है।

टमर शहीद वीरांगना अवन्तिबाई लोधी भी एक ऐसी ही राष्ट्र नायिका हैं जिन्हें इतिहास में उचित स्थान प्राप्त नहीं हो सका है, परन्तु वे जन अनुश्रुतियों एवं लोककाव्यों की नायिका के रूप में आज भी हमें राष्ट्रनिर्माण व देशभक्ति की प्रेरणा प्रदान कर रही हैं। ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध उनके संघर्ष एवं बलिदान से सम्बन्धित ऐतिहासिक सामग्री समकालीन सरकारी पत्राचार, कागजातों व जिला गजेटियरों में बिखरी पड़ी है। इस ऐतिहासिक सामग्री का संकलन और ऐतिहासिक व्याख्या समय की माँग है।
पिछड़े लोधीध्लोधाध्लोध समुदाय में जन्मी यह वीरांगना लोधी समाज में बढ़ती हुई जागृति को प्रतीक बन

गई है। पूरे भारत में लोधी समुदाय की आबादियों के बीच इनकी अनेक प्रतिमाएँ स्मारक के रूप में स्थापित हो चुकी हैं और यह कार्य निर्बाध गति से जारी है। अवन्तिबाई लोधी का इतिहास समाज में एक मिथक बन गया है।

क्रांति का प्रारंभ

देश के कुछ क्षेत्रों में क्रांति का शुभारम्भ हो चुका था। 1857 में 52वीं देशी पैदल सेना जबलपुर सैनिक केन्द्र की सबसे बड़ी शक्ति थी। 18 जून को इस सेना के एक सिपाही ने अंग्रेजी सेना के एक अधिकारी पर घातक हमला किया। जुलाई 1857 में मण्डला के परगनादार उमराव सिंह ठाकुर ने कर देने से इनकार कर दिया और इस बात का प्रचार करने लगा कि अंग्रेजों का राज्य समाप्त हो गया। अंग्रेज, विद्रोहियों को डाकू और लुटेरे कहते थे। मण्डला के डिप्टी कमिश्नर वाडिंग्टन ने मेजर इस्काइन से सेना की मांग की। पूरे महाकौशल क्षेत्र में विद्रोहियों की हलचलें बढ़ गईं। गुप्त सभाएं और प्रसाद की पुड़ियों का वितरण चलता रहा। इस बीच राजा शंकरशाह और राजकुमार रघुनाथ शाह को दिए गए मृत्युदण्ड से अंग्रेजों की नृशंसता की व्यापक प्रतिक्रिया हुई। वे इस क्षेत्र के राज्यवंश के प्रतीक थे। इसकी प्रथम प्रतिक्रिया रामगढ़ में हुई। रामगढ़ के सेनापति ने भुआ बिछिया थाना में चढ़ाई कर दी। जिससे थाने के सिपाही थाना छोड़कर भाग गए और विद्रोहियों ने थाने पर अधिकार कर लिया। रानी के सिपाहियों ने घुघरी पर चढ़ाई कर उस पर अपना अधिकार कर लिया और वहां के तालुकेदार धन सिंह की सुरक्षा के लिए उमराव सिंह को जिम्मेदारी सौंपी। रामगढ़ के कुछ सिपाही एवं मुकास के जमींदार भी नारायणगंज पहुंचकर जबलपुर–मण्डला मार्ग को बंद कर दिया। इस प्रकार पूरा जिला और रामगढ़ राज्य में विद्रोह भड़क चुका था और वाडिंग्टन विद्रोहियों को कुचलने में असमर्थ हो गया था। वह विद्रोहियों की

गतिविधियों से भयभीत हो चुका था।
खैरी युद्ध (23 नवम्बर 1857)

मण्डला नगर को छोड़कर पूरा जिला स्वतंत्र हो चुका था। अवंती बाई ने मण्डला विजय के लिए सिपाहियों सहित प्रस्थान किया। रानी की सूचना प्राप्त होने पर शहपुरा और मुकास के जमींदार भी मण्डला की और रवाना हुए। मण्डला पहुंचने के पूर्व खड़देवरा के सिपाही भी रानी के सिपाहियों से मिल गए। खैरी के पास अंग्रेज सिपाहियों के साथ अवंती बाई का युद्ध हुआ। वाडिंग्टन पूरी शक्ति लगाने के बाद भी कुछ न कर सका और मण्डला छोड़ सिवनी की ओर भाग गया। इस प्रकार पूरा मण्डला जिला एवं रामगढ़ राज्य स्वतंत्र हो गया। इस विजय के उपरांत आन्दोलनकारियों की शक्ति में कमी आ गई, किन्तु

उल्लास में कमी नहीं आयी। रानी रामगढ़ वापस हो गईं।

परिशिष्ट– 'क'

रामगढ़ राज्य की वंशावली
गज सिंह (संस्थापक, 1760–1782 ई०)
भूपाल सिंह (1782–1802 ई०)
हेमराज सिंह (1802–1824 ई०)
लक्ष्मण सिंह (1824–1850 ई०)

विक्रम जीत सिंह (1850– सितम्बर 1859 ई०)

अमान सिंह (1857 के स्वतंत्रता संग्राम के समय संरक्षिका रानी अवन्तिबाई)

1857 की क्रांति के समय रानी अवंतीबाई ब्रिटिशो के मुख्य दुश्मनो में से एक थी. अवंतीबाई लोधी रामगढ के राजा विक्रमादित्य सिंह की रानी थी. जब विक्रमादित्य स्वास्थ समस्याओ के चलते राज्य के कारोभार को संभाल नही पाये तब अवंतीबाई ने राज्य की बागडोर अपनी हाथो लेकर ब्रिटिश राज के खिलाफ लढने लगी थी.

जब 1857 की क्रांति चरम पर थी तभी रानी अवंतीबाई ने अपनी विशाल सेना का निर्माण किया. अपना पहला एनकाउंटर उन्होंने खेरी नामक ग्राम में अंग्रेजो के खिलाफ किया था.
महारानी अवंतीबाई लोधी ने सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रेंजो से खुलकर लोहा लिया था और अंत में भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन की आहुति दे दी थी.
20 मार्च 1858 को इस वीरांगना ने रानी दुर्गावती का अनुकरण करते हुए युध्द लडते हुए अपने आप को चारो तरफ से घिरता देख स्वयं तलवार भोंक कर देश के लिए बलिदान दे दिया.

उन्होंने अपने सीने में तलवार भोकते वक्त कहा की हमारी दुर्गावती ने जीते जी वैरी के हाथ से अंग न छुए जाने का प्रण लिया था. इसे न भूलना बडों. उनकी यह बात भी भविष्य के लिए अनुकरणीय बन गयी वीरांगना अवंतीबाई का अनुकरण करते हुए उनकी दासी ने भी तलवार भोक कर अपना बलिदान दे दिया और भारत के इतिहास में इस वीरांगना अवंतीबाई ने सुनहरे अक्षरों में अपना नाम लिख दीया.
कहा जाता है की वीरांगना अवंतीबाई लोधी 1857 के स्वाधीनता संग्राम के नेताओं में अत्यधिक योग्य थीं कहा जाए तो वीरांगना अवंतीबाई लोधी का योगदान भी उतना ही है जितना 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में वीरांगना झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई का था.

न्र्मदा पर्वत विकास संस्था के तहत जबलपुर जिले में बने डैम को भी उन्ही का नाम दिया गया है. पोस्ट डिपार्टमेंट ने भी रानी अवंतीबाई के नाम का स्टैम्प जारी किया है. महाराष्ट्र सरकार ने भी रानी अवंतीबाई के नाम का स्टैम्प जारी किया है.

स्न् 1850 में रामगढ़ रियासत के राजा लक्ष्मण सिंह की मृत्यु हो गई और राजकुमार विक्रम जीत

सिंह गद्दी पर बैठे।9 राजा विक्रम जीत सिंह बहुत धार्मिक प्रवृत्ति के थे और धार्मिक कार्यों में अधिक समय देते थे। कुछ समय के उपरान्त वे अर्धविक्षिप्त हो गए, उनके दोनों पुत्र अमान सिंह और शेर सिंह अभी छोटे थे, अतरू राज्य का सारा भार रानी अवन्तिबाई लोधी के कन्धों पर आ गया। रानी ने अपने विक्षिप्त पति और नाबालिग पुत्र अमान सिंह के नाम पर शासन सम्भाल लिया। इस समय भारत मे गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी का शासन था, उसकी साम्राज्यवादी नीतियों के कारण विशेषकर उसकी राज्य हड़प नीति की वजह से देशी रियासतों में हा–हाकार मचा हुआ था। इस नीति के अन्तर्गत कम्पनी सरकार अपने अधीन हर उस रियासत को ब्रिटिश साम्राज्य में विलीन कर लेती थी जिसका कोई प्राकृतिक बालिग उत्तराधिकारी नहीं होता था। इस नीति के तहत डलहौजी कानपुर, झाँसी, नागपुर, सतारा, जैतपुर, सम्बलपुर इत्यादि रियासतों को हड़प चुका था। रामगढ़ की इस राजनैतिक स्थिति का पता जब कम्पनी सरकार को लगा तो उन्होंने रामगढ़ रियासत को 13 सितम्बर1851 ई० में 'कोर्ट ऑफ वार्डस' के अधीन कर हस्तगत कर लिया और शासन प्रबन्ध के लिए शेख मौहम्मद नामक एक तहसीलदार को नियुक्त कर दिया, राज परिवार को पेन्शन दे दी गई।10 इस घटना से रानी बहुत दुरूखी हुई, परन्तु वह अपमान का घूँट पीकर रह गई। उसने अपने राज्य को अंग्रेजों से स्वतंत्र कराने का निश्चय कर लिया। रानी उचित अवसर की तलाश करने लगी। मई 1857 में राजा विक्रम जीत सिंह का स्वर्गवास हो गया।

इस बीच 10 मई 1857 को मेरठ में देशी सैनिकों ने अंग्रेजों के खिलाफ बगावत कर दी। मेरठ में सदर कोतवाली में तैनात कोतवाल धन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में मेरठ की पुलिस, शहरी और ग्रामीण जनता ने क्रान्ति का शंखनाद कर दिया।11 अगले दिन दिल्ली में मुगल बादशाह बहादुरशाह जफर को विद्रोही सैनिकों ने भारतवर्ष की क्रान्तिकारी सरकार का शासक घोषित कर दिया। मेरठ और दिल्ली की घटनाएँ सब तरफ जंगल की आग की तरह फैल गई और इन्होंने पूरे देश का आन्दोलित कर दिया।

मध्य भारत के जबलपुर मण्डला परिक्षेत्र में आने वाले तूफान के प्रथम संकेत उसके आगमन से कम से कम छरू माह पूर्व दृष्टिगोचर होने लगे थे। जनवरी 1857 से ही गाँव–गाँव में छोट–छोटी चपातियाँ रहस्मयपूर्ण तरीके से भेजी जा रही थी। ये एक संदेश का प्रतीक थी जिसमें लोगों से उन पर आने वाली आकस्मिक भयंकर घटना के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया था। मई के प्रारम्भ से ही ऐसी कथाएँ प्रचलित थीं कि शासन के आदेश से घी, आटा तथा शक्कर में क्रमशरू सुअर की चर्बी, गाय का रक्त एवं हड्डी का चूरा मिलाया गया है।12 लोग यह समझते थे कि सरकार उनका धर्म भ्रष्ट करना चाहती है।

म्ध्य भारत के देशी रजवाडों के शासक एवं पूर्व शासक कानपुर में नाना साहब एवं तात्या टोपे के सम्पर्क में थे,13 क्षेत्रीय किसान उनके प्रभाव में थे और देशी सैनिक उनकी तरफ नेतृत्व के लिए देख रहे थे। जबलपुर परिक्षेत्र में क्रान्ति की एक गुप्त योजना बनाई गई जिसमें देशी राजा, जमींदार और जबलपुर, सलीमानाबाद एवं पाटन में तैनात 52 वी रेजीमेन्ट के सैनिक शामिल थे। इस योजना में गढ़मण्डला के पूर्व

शासक शंकर शाह, उनका पुत्र रघुनाथ शाह, रामगढ़ की रानी अवन्तिबाई लोधी, विजयराघवगढ़ के राजा सरयु प्रसाद, शाहपुर के मालगुजार ठाकुर जगत सिंह, सुकरी–बरगी के ठाकुर बहादुर सिंह लोधी एवं हीरापुर के मेहरबान सिंह लोधी एवं देवी सिंह शामिल थे।14 इनके अतिरिक्त सोहागपुर के जागीरदार गरूल सिंह, कोठी निगवानी के ताल्लुकदार बलभद्र सिंह, शहपुरा का लोधी जागीरदार विजय सिंह और मुकास का खुमान सिंह गोंड विद्रोह में शामिल थे। रीवा का शासक रघुराज सिंह भी विद्रोहियों के साथ सहानुभूति रखता था।15 वयोवृद्ध 70 वर्षीय राजा शंकर शाह को मध्य भारत में क्रान्ति का नेता चुना गया।16 रानी अवन्तिबाई ने भी इस क्रान्तिकारी संगठन को तैयार करने में बहुत उत्साह का प्रदर्शन किया। क्रान्ति का सन्देश गाँव–गाँव पहुँचाने के लिए अवन्तिबाई ने अपने हाथ से लिखा पत्र किसानों, देशी

सैनिकों, जमींदारों एवं मालगुजारो को भिजवाया, जिसमें लिखा था–

देश और आन के लिए मर मिटो
या फिर चूडियाँ पहनों।
तुम्हें धर्म और ईमान की
सौगन्ध जो इस कागज
का पता दुश्मन को दो।17

सितम्बर 1857 के प्रारम्भ में ब्रिटिश शासन के पास इस बात के प्रमाण उपलब्ध थे कि कुछ सैनिकों और ठाकुरों ने कार्यवाही करने की योजना बनाई थी। योजना यह थी कि क्षेत्रीय देशी राजाओं और जमींदारों की सहायता से पर्याप्त सेना इक्कठी की जाये तथा मोहरर्म के पहले दिन छावनी पर आक्रमण किया जाये।18 पर यह योजना क्रियान्वित नहीं हो सकी। गिरधारीदास नाम के एक गद्दार ने योजना का भेद अंग्रेजों को बता दिया।19 ब्रिटिश सरकार ने एक चपरासी को फकीर के रूप में राजा शंकर शाह के पास भेजा, उसने राजा के सरल स्वभाव का लाभ उठाकर गुप्त योजना जान ली।20 लेफ्टिनेन्ट क्लार्क ने राजा शंकर शाह, उनके पुत्र रघुनाथ शाह तथा परिवार के अन्य 13 सदस्यों को बिना किसी कठिनाई के 14 सितम्बर 1857 को उनके पुरवा, जबलपुर स्थित हवेली से गिरफ्तार कर लिया।21 उनके घर से कुछ आपत्ति जनक कागजात भी प्राप्त हुए। एक कागज पाया गया जिसमें ब्रिटिश शासन को उखाड़ फैकने के लिए अराध्य देवता से प्रार्थना की गई थी। पिता पुत्र पर सैनिक न्यायालय ने सार्वजनिक रूप से राजद्रोह का मुकदमा चलाया और उन्हें दोषी मानते हुए उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। 18 सितम्बर 1857 को उन्हें तोप के मुँह से बाँधकर उड़ा दिया गया।

श्राजा शंकर शाह के बलिदान से पूर मध्य भारत में उत्तेजना फैल गई और जनता में विद्रोह की

भावना पहले से भी तीव्र हो गई। 24 देशी सिपाहियों की 52 वीं रेजीमेन्ट ने उसी रात जबलपुर में विद्रोह कर दिया, शीघ्र ही यह विद्रोह पाटन और सलीमानाबाद छावनी में भी फैल गया। संकट की घडी में मध्य भारत के किसान और सैनिक एक कुशल और चमत्कारिक नेतृत्व की तलाश में थे। क्षेत्र के सामंत, जमींदार एवं मालगुजार भी असमंजस में थे। ऐसे में रानी अवन्तिबाई लोधी मध्य भारत की क्रान्ति के नेता के रूप में उभरी।

सर्वसाधारण जनता और समाज के अगुवा जमींदार और संभ्रान्त रानी के साहस और युद्धप्रियता से परिचित थे। विशेष रूप से रामगढ़ क्षेत्र के किसानों से रानी निकटता से जुड़ी थी और आम जनता उनसे प्रेम करती थी। क्षेत्र में क्रान्ति के प्रचार–प्रसार के लिए पूर्व में किये गये प्रयासों ने रानी अवन्तिबाई को क्रान्तिकारियों का वैकल्पिक नेता बना दिया। इस स्थिति में रानी ने अपने महत्त्व को समझते हुए स्वयं आगे बढ़कर क्रान्ति का नेतृत्व ग्रहण कर लिया। विजय राघवगढ़ के राजा सरयू प्रसाद, शाहपुर के मालगुजार ठा० जगत सिंह, सुकरी–बरगी के ठा० बहादुर सिंह लोधी एवं हीरापुर के महरबान सिंह लोधी ने भी रानी अवन्तिबाई का साथ दिया।

सर्वप्रथम रानी ने रामगढ़ से ब्रिटिश सरकार द्वारा नियुक्त तहसीलदार को खदेड़ दिया और वहाँ की शासन व्यवस्था को अपने हाथों में ले लिया। सी०यू०विल्स अपनी पुस्तक ष्भ्पेजवतल व जीम त्र ळवदक डींतंरें व ँजचनतं त्दहेष में पृष्ठ संख्या 106 पर लिखते हैं, ष्ैमद जीम दमू व िंदांत ीेंश् म•मबनजपवद तमंबीमक जीम डंदकसं क्पेजतपबज, जीम त्दप व ित्उहंती, ॅनइवतकपदंजम बेपमजपिच व जीम त्र ळवदक, इतवाम पदजव तमइमससपवद, कतवअम जीम वपिबपंसे तिवउ त्उहंती ंदक ेमप्रमक जीम चसंबम पद जीम दंउम व ीमत ेवद.श्श26 रानी के विद्रोह की खबर जबलपुर के कमिश्नर को दी गई तो वह आबबूला हो उठा। उसने रानी को आदेश दिया कि वह मण्डला के डिप्टी कलेक्टर से भेट कर ले ।27 अंग्रेज पदाधिकारियो से मिलने की बजाय रानी ने युद्ध की तैयारी शुरू कर दी। उसने रामगढ़ के किले की मरम्मत करा कर उसे और मजबूत एवं सुदृढ़ बनवाया।

म्ध्य भारत के विद्रोही रानी के नेतृत्व में एकजुट होने लगे अंग्रेज विद्रोह के इस चरित्र से चिंतित हो उठे। जबलपुर डिविजन के तत्कालीन कमिश्नर ने अपने अधिकारियों को घटनाओं को भेजे गए ब्योरे में लिखा है, राजा शंकर साहि की मृत्यु से क्रुद्ध एवं अपमानित लगभग 4000 विद्रोही रामगढ़ की विधवा रानी अवन्तिबाई तथा युवक राजा सरयू प्रसाद के कुशल नेतृत्व में नर्मदा नदी के उत्तरी क्षेत्र में सशस्त्र विद्रोह के लिए एकत्रित हो गए हैं।28 रानी अवन्तिबाई ने अपने साथियों के सहयोग से हमला बोल कर घुघरी,

रामनगर, बिछिया इत्यादि क्षेत्रों से अंग्रेजी राज का सफाया कर दिया। इसके पश्चात् रानी ने मण्डला पर आक्रमण करने का निश्चय किया। मण्डला विजय हेतु रानी ने एक सशक्त सेना लेकर मण्डला से एक किलोमीटर पूरब में स्थित ग्राम खेरी में मोर्चा जमाया। अंग्रेजी सेना में और रानी की क्रान्तिकारी सेना में जोरदार मुठभेड़ें हुई परन्तु यह युद्ध निर्णायक सिद्ध नहीं हो सका। मण्डला के चारों ओर क्रान्तिकारियों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा था विशेषकर मुकास के ठा० खुमान सिंह का संकट अभी बरकरार था। अतरू मण्डला का डिप्टी कमिश्नर वाडिंगटन भयभीत होकर सिवनी भाग गया।29 इस घटना के उपरान्त रानी अवन्तिबाई ने दिसम्बर 1857 से फरवरी 1858 तक गढ़ मण्डला पर शासन किया।

कैप्टन वाडिंगटन लम्बे समय से मण्डला का डिप्टी कमिश्नर था। वह अपनी पराजय का बदला चुकाने के लिए कटिबद्ध था। वह अपनी खोयी हुई प्रतिष्ठा पाने के लिए आतुर था। वाडिंगटन, लेफ्टीनेन्ट बार्टन एवं लेफ्टीनेन्ट कॉकबर्न ने अपने सैनिकों के साथ मार्च 1858 के अन्त में रामगढ़ की ओर कूच किया, उनकी सेना में इररेगुलर इन्फैन्ट्री, नागपुर इन्फैन्ट्री, 52 वी नेटिव इन्फैन्ट्री के सेनिक और स्थानीय पुलिस के जवान तथा 'मेचलॉक मैंन'थे।30 26 मार्च 1857 को इन्होने विजय राघवगढ़ पर अधिकार कर लिया। राजा सरयू प्रसाद फरार हो गए। 31मार्च को इन्होंने घुघरी को वापस प्राप्त कर लिया। शीघ्र ही इन्होंने नारायणगंज, पाटन, सलीमानाबाद में भी क्रान्तिकारियों को परास्त कर दिया और 2 अप्रैल 1858 को रामगढ़ पहुँच गए।31 अंग्रेजी सेना ने रामगढ़ के किले पर दो तरफ से आक्रमण किया। लेफ्टीनेन्ट बार्टन और लेफ्टीनेन्ट कॉकबर्न ने नागपुर इन्फैन्ट्री के सैनिक और कुछ पुलिस के जवानों के साथ दाहिनी ओर से आक्रमण किया। कैप्टन वाडिंगटन स्वयं 52 वी नेटिव इन्फैन्ट्री के सेनिकों और कुछ पुलिस वालों के साथ बाईं ओर से बढ़ा।32 रानी अवन्तिबाई ने अपनी सेना जिसमें उसके सेनिक और किसान शामिल थे, के साथ जमकर अंग्रेजी सेना का मुकाबला किया। परन्त अंग्रेजी सेना संख्या बल एवं युद्ध सामग्री की दृष्टि से रानी की सेना से कई गुना शक्तिशाली थी अतरू स्थिति के भयंकरता को देखते हुए रानी ने किले के बाहर निकल कर देवहर गढ़ की पहाडियों में छापामार युद्ध करना उचित समझा।33 रानी के रामगढ़ छोड़ देने के बाद अंग्रेजी सेना ने अपनी खीज रामगढ़ के किले पर उतारी और किले को बुरी तरह ध्वस्त कर दिया।

छेवहर गढ़ के जंगलों में रानी ने अपनी बिखरी हुई सेना को फिर से एकत्रित किया। उसे रीवा नरेश से भी सैन्य सहायता की आशा थी परन्तु उसने अंग्रेजों का साथ दिया। देवहर गढ़ के जंगलों में रानी इस सेना के जमावड़े का जब वाडिंगटन को पता चला तो उसने तब तक आगे बढ़ने का निर्णय नहीं लिया जब तक कि रीवा नरेश की सेना अंग्रेजों की मदद के लिए नहीं आ गई। रीवा की सेना पहुँचने पर 9 अप्रैल 1858 को देवहरगढ़ के जंगल में भयंकर युद्ध हुआ, 34 जिसमें अंग्रेजों ने अन्ततरू रानी की सेना का चारों

ओर से घेर लिया। रानी के सैकड़ों सैनिक बलिदान हो गए, क्रान्तिकारियों की संख्या घटती जा रही थी। रानी ने अपनी पूर्वजा रानी दुर्गावती का अनुसरण करते हुए, शत्रुओं द्वारा पकड़े जाने से श्रेयष्कर अपना आत्म बलिदान समझा और स्वयं अपनी तलवार अपने पेट में घोप कर शहीद हो गई। रानी अवन्तिबाई लोधी एक धीर, गम्भीर, विदुषी वीर, एवं साहसी शासिका थी। उसमें एक प्रशासक एवं सेनापति के श्रेष्ठ गुण थे। उनमें साहस और बहादुरी के गुण बाल्यकाल से ही दृष्टिगोचर होने लगे थे। अपने पति के अधविक्षिप्त होने एवं उसकी मृत्यु के पश्चात् संकट की घड़ी में जिस कुशलता से उसने राजकाज सम्भाला वह उनके धैर्य का परिचायक है। अपने नेतृत्व के गुणों के कारण ही वे शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह की शहादत के पश्चात् जबलपुर परिक्षेत्र क्रान्ति की वैक्लपिक नेत्री के रूप में उभरी और उन्होंने रामगढ़ एवं मण्डला को अंग्रेजी राज से मुक्त कराकर ब्रिटिश राज को कठिन चुनौती पेश की। उन्होंने चार महीने तक मण्डला पर शासन किया, उन्होंने अन्त तक अंग्रेजों के सामने समर्पण नहीं किया। मण्डला एवं रामगढ़ हार जाने पर भी वे देवहार गढ़ के जंगलों में छापामार युद्ध करती रहीं, जब तक कि अपनी आन की रक्षा के लिए स्वयं की शहादत न दे दी।

सन्दर्भः–

1. खेम सिंह वर्मा, लोधी क्षत्रियों का वृहत इतिहास, बुलन्दशहर, 1994, पृष्ठ 96य गणेश कौशिक एवं फूल सिंह, वतन पर मिटी अवन्तिबाई, नवभारत 14–8–1994य थम्मन सिंह 'सरस', अवन्तिबाई लोधी, साहित्य केन्द्र प्रकाशन, दिल्ली, 1995, पृष्ठ 46
2. सुरेश मिश्र, रामगढ़ की रानी अवन्तिबाई, भोपाल, 2004, पृष्ठ 10
3. थम्मन सिंह 'सरस', वही, पृष्ठ 52–53
4. वही, पृष्ठ 54
5. वही, पृष्ठ 54
6. वही, पृष्ठ 41
7. हुकुम सिंह देशराजन, अमर शहीद वीरांगना रानी अवन्तिबाई, अलीगढ़, 1994
8. सुरेश मिश्र, वही, पृष्ठ 12–13

11. सुशील भाटी, 1857 की जनक्रान्ति के जनक धन सिंह कोतवाल, मेरठ 2002य मयराष्ट्र मानस, मेरठय आचार्य दीपांकर, स्वाधीनता आन्दोलन और मेरठ, जनमत प्रकाशन मेरठ, 1993य डमउवतमदकवउ वद डनजपदल ंदक वनजइतमां पद डंल 1857, इल डंरवत ॅपससपंउ, ब्वउउपेपवदमत व िडपसपजंतल च्वसपबम छॅ.. च्तवतपदबमे, ।ससींइंक, 15जी छवअ. 185य डममतनज क्पेजतपबज ळंजजपमत, ळवअज. च्तमे, ।ससींइंक, 1963

International Research Journal | UGC JOURNAL No. - 44299 | ISSN-0975-4431

भारत में सूक्ष्म वित्त की अवधारणा का विश्लेषण

डॉ. मीना कीर
सहा.प्राध्यापक(वाणिज्य)
शा.नर्मदा महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.)

डॉ.दिनेश श्रीवास्तव
वाणिज्य विभाग
शा.नर्मदा महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.)

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा आज भी बैंक और अन्य दूसरी वित्तीय सुविधाओं से वंचित है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के वार्षिक प्रतिवेदन के अनुसार देश के 6 लाख गांवों में से केवल तीस हजार गांवों में बैंक की शाखाएं हैं। देश के केवल 40 प्रतिशत लोगों के बैंकों में खाते हैं और लगभग 75 प्रतिशत किसान परिवारों को संगठित वित्तीय सेवाओं की आवश्यकता है। केवल 2 प्रतिशत लोगों के पास बैंक के क्रेडिट कार्ड हैं। इस परिस्थिति में लोगों को अपनी छोटीमोटी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये साहूकारों के पास जाने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं रह जाता है।

भारत में 70000 बैंक शाखाएं होने के बावजूद देश के 94 प्रतिशत गांवों में एक भी बैंक शाखा नहीं है। इन गांवों का निर्धन वर्ग आज भी ऋण के लिये स्थानीय साहूकारों पर ही निर्भर है। इस वर्ग को बचत, ऋण तथा बीमा से सम्बंधित विभिन्न वित्तीय सेवाएं उपलब्ध हो सकें, इस हेतु सूक्ष्म वित्त की आवश्यकता का अनुभव किया गया। इस वर्ग को सूक्ष्म वित्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु विभिन्न सूक्ष्म वित्त संस्थाएं भी अस्तित्व में आईं। बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद युनुस ने सर्वप्रथम ग्रामीण बैंक की विचारधारा को प्रस्तुत किया था जिसे आधार बनाकर भारत में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने सूक्ष्म वित्त की अवधारणा का प्रतिपादन किया। भारत में सूक्ष्म वित्त की अवधारणा दो मॉडल्स पर आधारित है –

1. स्वयं सहायता समूह– बैंक सम्पर्क कार्यक्रम
2. सूक्ष्म वित्त संस्थान

1.स्वयं सहायता समूह– बैंक सम्पर्क कार्यक्रम –

भारत में वर्ष 1992 में नाबार्ड ने बंगलौर स्थित मायराडा संस्था के साथ मिलकर एक पायलट परियोजना के रूप में एक स्वयं सहायता समूह की स्थापना की। यह भारत का प्रथम स्वयं सहायता समूह

था जिसका उद्देश्य निर्धनों को सरल शर्तों पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना था। शुरूआती दौर में इस परियोजना को भरपूर सफलता प्राप्त हुई जिससे प्रेरित होकर ''स्वयं सहायता समूह– बैंक सम्पर्क कार्यक्रम'' बड़े पैमाने पर प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की परिकल्पना एक ऐसे बैंक के रूप में की गई जो अपने सदस्यों की बचत तथा ऋण सम्बंधी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। इस कार्यक्रम का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि बैंक तथा ग्राहक दोनों की लेन–देन की लागत बहुत कम हो गई।

वर्तमान में देश में लगभग 25 लाख स्वयं सहायता समूह हैं जिनसे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 3 करोड़ परिवार जुड़े हुए हैं। नाबार्ड से प्रोत्साहन पाने के पश्चात् से सभी स्वयं सहायता समूह वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा जिला सहकारी बैंकों से जुड़ गए हैं और इन्हीं के माध्यम से इन्हें सूक्ष्म वित्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। इन स्वयं सहायता समूह में से 90 प्रतिशत से भी अधिक समूह ऐसे बैंकों से जुड़े हैं जो केवल महिला समूहों को ही वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं।

2.सूक्ष्म वित्त संस्थान –

छेश का प्रथम सूक्ष्म वित्त संस्थान ''बेसिक्स'' है जिसकी स्थापना वर्ष 1966 में हुई थी। सूक्ष्म वित्त संस्थानों द्वारा समूहों या व्यक्तियों को सूक्ष्म ऋण प्रदान किये जाते हैं। समूहों में स्वयं सहायता समूह, साख संघ, संयुक्त देनदारी आदि शामिल हैं। सूक्ष्म वित्त संस्थानों ने परम्परागत बैंकिंग व्यवस्था से वंचित ग्राहकों को वित्तीय सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। सूक्ष्म वित्त संस्थान आवश्यकतानुसार 75 से 80 प्रतिशत रकम बैंकों से उधार लेते हैं, 15 प्रतिशत रकम इक्विटी से तथा शेष 10 प्रतिशत रकम नकद प्रतिभूति आदि से प्राप्त करते हैं। सूक्ष्म वित्त संस्थानों का उद्देश्य मांग की कुशलतापूर्वक पूर्ति करना तथा ग्राहकों को सरलता से समझ में आने वाली वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है।

सरल शब्दों में कहा जा सकता है कि निर्धन वर्ग को सूक्ष्म वित्त संस्थाओं के माध्यम से बचत, ऋण और बीमा से सम्बंधित विभिन्न वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता ही सूक्ष्म वित्त है। भारत में सूक्ष्म वित्त की व्यवस्था भारत सरकार के राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा सहकारी बैंकों के माध्यम से की जाती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में समय पर ग्रामीण साख उपलब्ध हो जाता है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लघु व सीमांत कृषकों, कृषि श्रमिकों, ग्रामीण कारीगरों, छोटे जमाकर्ताओं तथा छोटे व्यापार तथा उत्पादन कार्य में संलग्न लोगों को ऋण उपलब्ध कराते हैं। सहकारी बैंक निम्न तथा मध्यम आय वर्ग के लोगों में बैंकिंग आदत डालने तथा ग्रामीण ऋण वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं।

सूक्ष्म वित्त का क्षेत्र –

सूक्ष्म वित्त के क्षेत्र में ऐसे प्रयासों को शामिल किया जा सकता है जिससे निर्धन वर्ग को अधिकाधिक वित्तीय सुविधाएं प्राप्त हो सकें और वर्तमान में जो वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध हैं उनकी गुणवत्ता में वृद्धि की जा सके।

थ्नर्धन वर्ग की सहायता करने हेतु बनाए गए एक सलाहकार दल ने वर्ष 2004 में सूक्ष्म वित्त से सम्बंधित कुछ ऐसे सिद्धांतों को प्रतिपादित किया जो पिछले 150 वर्षों में इस हेतु अपनाई गई विकास प्रक्रिया पर आधारित थे और जिनका 10 जून 2004 को जी–8 शिखर सम्मेलन में कई देशों ने समर्थन भी किया था। इन सिद्धांतों में निम्न शामिल हैं –

1. निर्धन वर्ग को ऋण के अतिरिक्त बचत, बीमा और धन अंतरण हेतु भी वित्तीय सेवाओं की आवश्यकता होती है।
2. सूक्ष्म वित्त निर्धन वर्ग के लिये आय उत्पन्न करने, सम्पत्ति का उत्सर्जन करने, आकस्मिकताओं को वहन करने अथवा घरेलू उपयोग हेतु सहायक होना चाहिये।
3. दानदाताओं और सरकार से मिलने वाली सहायता राशि कभीकभार ही प्राप्त होती है और ऐसी आय का कोई निश्चित आश्वासन भी नहीं होता और इसीलिये यदि अधिक संख्या में निर्धन वर्ग की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति की जानी है तो सूक्ष्म वित्त को अपनी भरपाई स्वयं करना चाहिये।
4. सूक्ष्म वित्त की उपलब्धता अर्थात् स्थानीय स्तर पर स्थाई सूक्ष्म वित्त संस्थाओं का निर्माण, जिसके लिये गैर–सरकारी संगठनों को अभिप्रेरित किया जाना चाहिये।
5. सूक्ष्म वित्त का उद्देश्य निर्धन वर्ग की वित्तीय आवश्यकताओं को देश की वित्तीय प्रणाली की मुख्य धारा से जोड़ना होना चाहिये।
6. सूक्ष्म वित्त के संदर्भ में सरकार का कर्तव्य वित्तीय सेवाओं को सुसाध्य बनाना होना चाहिये न कि वित्तीय सेवाओं की आपूर्ति करना।
7. सूक्ष्म वित्त के संदर्भ में दानदाताओं की पूँजी साहूकारों द्वारा उपलब्ध कराई निजी पूँजी का विकल्प होना चाहिये न कि उसकी प्रतिस्पर्धात्मक।
8. सूक्ष्म वित्त के क्षेत्र में सबसे बड़ी बाधा सुदृढ़ संस्थाओं और प्रबंधकों की कमी है, जिसके लिये दानदाताओं की क्षमता बढ़ाये जाने पर विचार किया जाना चाहिये।
9. निजी साहूकारों द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले सूक्ष्म वित्त की ब्याज दरें अधिकतम होने के कारण निर्धन वर्ग त्रस्त हो जाता हैं और ऋण लेने के प्रति उदासीन हो जाता हैं, जिससे सूक्ष्म वित्त संस्थाओं द्वारा प्रदान किये जाने वाले ऋणों की लागत की भरपाई नहीं हो पाती,

परिणामस्वरूप धीरे–धीरे ऋण की आपूर्ति बंद हो जाती है।

10. सूक्ष्म वित्त संस्थाओं का दायित्व वित्तीय और सामाजिक दोनों ही दृष्टिकोण से निर्धन वर्ग की आवश्यकताओं का मापन तथा निष्पादन होना चाहिये।

सूक्ष्म वित्त की विशेषताएं –

1. इसके अंतर्गत दिये जाने वाले ऋण छोटी राशि के रूप में होते हैं।
2. ऋण देने का मूल उद्देश्य मुख्य रूप से आय सृजन से जुड़ा होता हैं।
3. इस प्रकार के ऋण कम आय वर्ग के लोगों को प्रदान किये जाते हैं।
4. यह ऋण लघु अवधि के होते हैं।
5. उच्च स्तर पर इन ऋणों की पुनः चुकौती होती है।
6. बिना किसी समानांतर व्यवस्था के इसमें ऋण प्रदान किया जाता है।
7. इस व्यवस्था में ऋण वसूली की दर 95 प्रतिशत से भी अधिक है।

उपसंहार –

वित्तीय समावेशन के साथ भारत का प्रंमुख नीतिगत उद्देश्य विकासपरक कार्यों के रूप में निर्धारित हुआ है। वर्तमान में सूक्ष्म वित्त की सुविधा बैंक रहित क्षेत्रों में निम्न आय वर्ग के लिये वित्तीय सेवाओं के विस्तार के साथ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आई है। पारम्परिक ऋण देने वाले विभिन्न उधारदाता जो ऋण देने में अपनी मनमानी करते थे, अब समाज के विभिन्न वर्गों को कानून के प्रावधानों के अधीन ऋण देने में रूचि रखने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत निम्न आय वर्ग की वित्तीय आश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से सूक्ष्म वित्त संस्थाओं का स्वरूप अब विकसित होने लगा है और ग्रामीण परिवेश में इसकी उपयोगिता भी सिद्ध होने लगी है। भारत में सूक्ष्म वित्त संस्थाओं की बढ़ती हुई संख्या न केवल इस क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाओं को दृष्टिगोचर कर रही है बल्कि निर्धन वर्ग को रोजगार के अवसर देकर देश के आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

सन्दर्भः–

1. भारतीय अर्थव्यवस्था, मिश्र एस.के. एवं पुरी वी.के. हिमालया पब्लिशिंग हाउस, मुम्बई, 2010
2. भारतीय अर्थव्यवस्था, दत्त गौरव एवं महाजन अश्विन, एस. चन्द्र एण्ड कम्पनी लि. नईदिल्ली, 2011

International Research Journal | UGC JOURNAL No. - 44299 | ISSN-0975-4431

प्रेमचंद की कहानियों में प्रयुक्त मुहावरे

फरह ज़िया
(शोधार्थी)
हिंदी विभाग अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
अलीगढ़-

प्रेमचंद आधुनिक युग के साहित्यकारों में अप्रतिम स्थान के अधिकारी हैं। उनके साहित्य में गुलामी के पाश में आबद्ध भारत और रूढ़ियों से ग्रस्त समाज की आत्मा का साक्षात्कार प्राप्त होता है। उनका साहित्य एक स्वतंत्र भारत की आकांक्षा की जिजीविषा से संपृक्त है। उनकी कहानियों में व्याप्त ऊर्जा ने उन्हें विश्वस्तरीय कहानीकार के रूप में स्थापित कर दिया और अनेक भाषाओं में उनकी कहानियों का अनुवाद हुआ।

प्रेमचंद की प्रारम्भिक कहानियों में अनेक कमियों के होने के बाद भी अनुभूति की सघनता एवं प्रामाणिकता प्राप्त होती है। बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न कहानीकार प्रेमचंद ने अनेक भाषाओं के साहित्य का गहन अध्ययन किया और उनके वैशिष्ट्य को अपनी कहानी-लेखन का आधार बनाया। ''उन्होंने उर्दू हिंदी तथा अंग्रेजी भाषाओं के माध्यम से अरबी, फारसी, संस्कृत तथा यूरोपीय कथा-संसार का व्यापकता से अध्ययन किया था और वे फारसी, संस्कृत तथा योरोपीय कहानी परंपराओं के गुणावगुणों से परिचित हो चुके थे। इससे उन्हें भारतीय और पश्चिम तथा नई और पुरानी कहानी का अंतर ज्ञात हुआ और इससे उन्हें अपनी कहानी कला को आविष्कृत करना आसान हो गया। वह नवजागरण का समय था और जीवन के प्राय: सभी क्षेत्रों में पूर्व-पश्चिम का द्वन्द्व था और देश पश्चिमीकरण के विरोध में था। प्रेमचंद की दृष्टि भी इससे भिन्न नहीं थी किन्तु उनका विश्वास था कि कहानी का वर्तमान रूप पश्चिम से ही आया है। उनके विचार में नवीनता की भूख एक ओर साहित्य की प्राचीन मर्यादाओं को निषिद्ध एवं खंडित करके उनकी बेड़ियों को तोड़ रही थी और दूसरी ओर वह साहित्य में क्रांति ला रही थी। प्रेमचंद की दृष्टि साफथी कि यह क्रांति भारतीय परिवेश तथा भारतीयता के ताने-बाने में ही हो सकती थी।''1 यही कारण है कि प्रेमचंद की प्रारम्भिक कहानियों में अनेक कमियों के बाद भी भारतीयता की सोंधी-सुगन्ध महसूस की जा सकती है। उनमें जीवन के विविध आरोह-अवरोह तथा संगति-विसंगति उनके अनुभवों की भित्ति पर उनकी संवेदना को तराशते हुए जीवन की सम्पूर्णता का दिग्दर्शन कराती हैं।''प्रेमचंद इन कहानियों में देश-भक्ति, इतिहास के साथ शताब्दियों से पीड़ित स्त्री, किसान एवं दलितों के जीवन में

झाँकते हैं, नैतिक मूल्यों एवं आदर्श जीवन के चित्र अंकित करते हैं, घर-परिवार की कहानी कहते हैं, पश्चिमी शिक्षा के दुष्परिणामों से सावधान करते हैं तथा हिन्दू समाज की बुराइयों तथा अच्छाइयों का चित्रण करते हैं। युग का नवजागरण उन्हें व्यक्ति, समाज एवं देश के अधिकांश क्षेत्रों में ले जा रहा था और वे अपनी कहानियों से पाठकों को राष्ट्रीय एवं सामाजिक चेतना तथा नैतिक एवं भारतीय संस्कारों का सरोकार दे रहे थे।''2वस्तुत: वे सांझा संस्कृति और विरासत के पोषक कथाकार हैं।

उनकी दृष्टि समस्याओं के मूल में दबी हुई शोषण की नीतियों पर रही है। उनकी सामाजिकता मानववादी स्वरों के आरोह-अवरोह के साथ उभरती है। लोकमंगल की भावना के साथ लय पकड़ती है और स्वराज्य के सुखद स्वप्न को यथार्थ में परिणत कर जीवन्त हो उठती है। कहा जा सकता है कि प्रेमचंद ने अपनी कहानियों के माध्यम से जिन प्रश्नों को उठाया वह आज भी उत्तर की प्रतीक्षा में हैं। डॉ रमेश कुन्तल मेघ के शब्दों में- ''प्रेमचंद ने अपने साहित्य में शनै: शनै: भारतीयता का उद्घाटन किया था। उनके पात्रों, भाषा, बोलियों कथा-मूल्यों आदि में भारतीयता की अस्मिता अंतर्निहित है।''3 कमलकिशोर गोयनका प्रेमचंद के वैशिष्ट्य को इंगित करते हुए लिखते हैं- ''हमारे समकालीन के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए यही उचित है कि युग की भारतीयता को अखंडित रूप में आधार बनाया जाय और प्रेमचंद की जागरण दृष्टि, जीवन-दर्शन और सरोकारों को समग्रता में समझा जाय। भारतीयता से जुड़ते ही तथा भारतीयता के दृष्टिकोण का अवलोकन करने पर प्रेमचंद पुरातनता और आधुनिकता के संधि स्थल और उनके द्वन्द्व से जन्म लेने वाली युग की भारतीयता के कहानीकार बन जाते हैं।''4 इसीलिए उनकी कहानियाँ मानव-मन पर गंभीर प्रभाव डालती हैं। नि:संदेह उनमें सर्जनात्मक जीवन दृष्टि और जीवन्त संवेदनाएँ विद्यमान हैं।

जन भाषा का सहज प्रयोग ही उन्हें जनता का लेखक बनाता है।उनकी सशक्त भाषा के मूल में आम जीवन के वह मुहावरे हैं जिन्हें आत्मसात् करके उन्होंने उन्हें अपनी कहानियों के रग-रेशे में पेवस्त कर दिया है। इसीलिए उनकी कहानियों में मुहावरों के द्वारा अर्थ का आधार निर्मित होता हुआ दृष्टिगत होता है।यह प्रेमचंद का वैशिष्ट्य है कि मुहावरे उनकी भाषा का प्राणतत्व बन कर संचरित होते हैं। प्रत्येक क्षेत्र और परिस्थिति के लिए उनके पास सहज रूप में मुहावरे मौजूद हैं उन्हें कृत्रिम रूप में बलपूर्वक ठूँसने का प्रयत्न नहीं किया गया है। कहानियों में समाज के विविध चित्रों का छायांकन करते हुए प्रेमचंद ने प्रत्येक वर्ग का अंकन धूप छाँही-रंग में उपयुक्त मुहावरे का उपयोग करते हुए किया है। प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में विभिन्न स्तरों पर प्रयोग होने वाले मुहावरों को उनके सहज रूप में प्रस्तुत किया है। उनकी कहानियों में मानवीय संवेदनाओं और मनोभावों के दिग्दर्शन के लिए विविध अंगसंबधी मुहावरों को आधार बनाया गया है। जैसे- आँख फिरना (अलग्योझा/पृ-13), फूटी आँखों न भाना (अलग्योझा/पृ-14), आँखें फेरना (माँ/पृ-52), आँखे झपकना (स्वामिनी/पृ-130), आँखों में खून उतर आना (घर जमाई/पृ-151), आँखें फैल जाना (लाछंन/पृ-276), बला सिर से टलना (बेटों वाली विधवा/पृ-72), सिर पर नंगी तलवार सी लटकना (बडे भाई

साहब/पृडु-91), सिर खाना (रसिक संपादक/पृड-337), सिर पर सवार होना (अनुभव/पृड-272), माथें पर बल पड़ना (शांति/पृड 110), माथा ठनकना (अनुभव/पृड-272), माथे पर कलंक लगना (सुभागी/पृड-261), कानों में जूँ न रेंगना (गिला/पृड-330), मुँह में कालिख लगना (अलग्योझा/पृड-21), हाथ-पाँव फूलना (आखरी हीला/पृड-255), आदि।

प्रेमचंद ने न केवल मानवीय चेष्टाओं और शरीर से सम्बद्ध मुहावरों का ही प्रयोग किया प्रत्युत् पक्षियों और अन्य जीव जन्तुओं का आधार ग्रहण कर बने मुहावरों का भी प्रयोग किया जैसे काठ का उल्लू, बे नकेल का ऊँट, दूध की मक्खी आदि। उन्होंने प्राकृतिक उपादानों और पेड़ पौधों से बने मुहावरों का भी बहुत सुन्दरता से उपयोग किया जैसे काँटों की सेज, घास छीलना आदि। हमारे जगत् की विविध वस्तुएँ, हमारा इतिहास, धर्म और दर्शन तथा संस्कृति और सामाजिक जीवन और उनके विविध भावों को व्यक्त करने वाले मुहावरे उनके उपजीव्य बने हैं। यह उनकी विशेषता है कि बार-बार एक सी स्थिति के लिए भी वे एक ही मुहावरे का प्रयोग नहीं करते प्रत्युत्-प्रत्येक बार मुहावरा बदल जाता है। उनकी इसी भाषा और उसमें प्रयुक्त मुहावरों ने उन्हें जननायक और भारतीय लोकमानस का चहेता बना दिया।
प्राय: दैनिक जीवन का जितना और जैसा प्रामाणिक चित्रण प्रेमचंद के यहाँ प्राप्त होता है वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। समाज में व्याप्त अन्याय, अत्याचार, शोषण, दुख, विवशता, धार्मिक और सामाजिक कुप्रथाँए आदि उनकी लेखनी का स्पर्श करके जीवन्त हो उठते हैं। लोकजीवन में व्याप्त मुहावरे उनके पात्रों एवं चरित्रों का वास्तविक उद्घाटन करते हैं। लोहे के चने चबाना, तगादा, चैन की बंशी बजाना, पीला पड़ना, चट्टे बट्टे होना, बाछें खिलना, गुरू घंटाल होना, बेड़ा पार लगाना, कलई खुलना, सिर चढ़ाना बाल बांका न कर सकना, कलेजे को मसोसना, कलेजा धक से होना, कलेजा ठंडा होना, आकाश के तारे तोड़ना, शैतान बनना, पासा पलटना जैसे प्रचलित मुहावरे उनके साहित्य में सर्वत्र उनकी भाषा को सतंरगी उड़ान प्रदान करते हैं। उन्हें प्रत्येक स्थिति की अभिव्यक्ति के लिए एक विशिष्ट मुहावरा मिल ही जाता है। वह सायास मुहावरे का प्रयोग नहीं करते प्रत्युत वह तो स्वयं उनकी अनुभूतियों की अन्तरंगता से अनायास बाहर आकर उनकी भाषा एवं कथ्य को विश्वसनीय और प्रामाणिक बना देता है।

प्रेमचंद की कहानियों में प्रयुक्त मुहावरों की परिधि अत्यन्त व्यापक है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र, परिस्थिति, समस्या, भौतिक, आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक, आरोह-अवरोह को रेखांकित करने वाले मुहावरे उनकी भाषा के प्राण तत्त्व हैं। यद्यपि उनकी कहानियों में व्याकरणिक कोटियों पर आधृत, मुहावरे भी मिलते हैं तथापि मानव जीवन को उसकी सम्पूर्णता में प्रस्तुत करने वाले मुहावरे उनकी कहानियों का मूलाधार हैं।

उनकी भाषा की विशेषता यह है कि धर्म, जाति, वर्ग, प्रान्त और देश की सीमाओं को तोड़ कर वह वस्तुस्थिति की अभिव्यक्ति कर देती है। कभी आँखें डबडबाती हैं तो कभी भर आती हैं। कभी सजल होती हैं और कभी लाल भी हो

जाती हैं। प्रेमचंद के यहाँ आँखों के उपर्युक्त कार्य-व्यापारों से सम्बद्ध मुहावरों के अनेक उदाहरण मिल जाते हैं। जैसे- आँख फिरना (अलग्योझा/पृड-13), फूटी आँख न भाना (अलग्योझा/पृड-14), आँखें फेरना (माँ/पृड-52), आँखों पर पर्दा डालना (माँ/पृड-64), आँखें झपक आना (स्वामिनी/पृड130), आँख न उठाना (घर जमाई/पृड-147), आँखों में खून उतर आना (घर जमाई/पृड-151), आँखों में छिपा लेना (घासवाली/पृडड?-307), आँखों में समाना (गिला/पृड-331), आँख बचाना (आखरी हीला/पृड-294), आँखें फैल जाना (लांछन/पृड-276), आदि। इसी प्रकार उन्होंने शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अवयवों से निर्मित मुहावरों का भी बखूबी प्रयोग किया है। जैसे- बला सिर से टलना (बेटों वाली विधवा/पृड-72), सिर पर नंगी तलवार सी लटकना (बड़े भाई साहब/पृड-91), सिर पीटना (आखरी हीला/पृड-296), सिर नीचे हो जाना (तावान/पृडड?-297), सिर खाना (रसिक संपादक/पृड-377), सिर पर सवार होना (अनुभव/पृड-272), खोपड़ी भन्ना जाना (आखरी हीला/पृड-294), माथे पर बल पड़ना (शांति/पृड-110), माथे पर लेना (स्वामिनी/पृडड?-124), माथा ठनकना (अनुभव/पृड-272), माथे पर कलंक लगना (सुभागी/पृड-261), माथा ठोंकना (आखरी हीला/पृड-204), नाक काटना (अलग्योझा/पृडड?-14), नाक रखना (शांति/पृड 106), नाक में दम करना (गिला/पृड-320), कान उखाड़ना (गिला/पृड-326), कानों का बहरा होना (गिला/पृड-327), कानों में जूँ न रेंगना (गिला/पृड-330), ओंठ चबाना (घर जमाई/पृड-15), दाँतों तले उंगली दबाना (घर जमाई/पृड-149), दाँत से कौड़ी पकड़ना (लांछन/पृड-284), गला फँसना (अलग्योझा/पृड-21), गले का हार बनना (सुभागी/पृड-263), गरदन पर छुरी फेरना (गिला/पृड-319), मुँह में कालिख लगना (अलग्योझा/पृड-21), मुँह ताकना (स्वामिनी/पृड-133), चेहरा खिल उठना (ज्योति/पृड-187), मुँह फेरना (दिल की रानी/पृड-193), छाती चीर कर दिखाना (माँ/पृड-64), छाती पीटना (बेटों वाली विधवा/पृड-79), छाती से लगाना (घर जमाई/पृड-153), छाती फूल जाना (दिल की रानी/पृड-198), छाती पर सवार होना (घासवाली/पृड 313), आदि ।उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्रेमचंद ने शारीरिक अवयवों से निर्मित मुहावरों का प्रयोग अत्यन्त सहज एवं नैसर्गिक रूप में किया है।

प्रेमचंद ने सामाजिक जीवन से सम्बद्ध मुहावरों को भी अपनी भाषिक अभिव्यंजना का आधार बनाया है। सामाजिक जीवन के नित्य कार्य-व्यापार की सशक्त अभिव्यक्ति के लिए उन्होंने मुहावरे का सार्थक प्रयोग किया है। सामाजिक संबंधों नाते-रिश्ते, जय-पराजय, लाभ-हानि, मान-अपमान, विवाह और अन्य उत्सव, जन्म-मृत्यु आदि से संबद्ध सैकड़ों मुहावरे प्रेमचंद की कहानियों का अनिवार्य अंग बन कर उपस्थित हुए हैं। उदाहरणतया- भाग्य फूट जाना (निमंत्रण/पृड-18), अपना दुखड़ा रोना (ममता/पृड-171), धूल में मिल जाना (ममता/पृड172), माला माल होना (रामलीला/पृड-23), धन कुबेर होना (मंत्र/पृड-27), मोटा महाजन होना (मंत्र/पृड-29), खरी-खोटी कहना (बहिष्कार/पृड-51), खाल उधेड़ना (कज़ाकी/पृड-97), भवानी खाएँ (अग्नि समाधि/पृड-111), उस्तादी करना

(रामलीला/पृड-23), इकबाल चमकना (मंत्र/पृड-32), परलोक सिधारना (सती/पृड-44), प्राण का ग्राहक होना (बहिष्कार/पृड-65), आदि।

सांस्कृतिक उपादानों एवं संस्कृति पर आधृत मुहावरे भी उनके यहाँ प्राप्त होते हैं। उदाहरणतया- शुक्ल पक्ष का चाँद होना (उद्गार/पृड-39), कदमों से झोंपड़ी रौशन करना (लैला/पृड-157), कुहराम मचाना (नैराश्य लीला/पृड-54), शैतान होना (तगादा/पृड-17), ध्रुवसंकल्प करना (सवासेर गेहूँ/पृड-121), आदि।प्रेमचंद का मुहावरा प्रयोग इतना सहज और अनायास है कि मुहावरे के विभिन्न अर्थों के मध्य से उनका अभीष्ट प्रकाशित हो उठता है। उन्होंने यत्नपूर्वक कहीं भी मुहावरों का प्रयोग नहीं किया है प्रत्युत् वे स्वत:स्फूर्त्तरूप में उनकी भाषा के अंग बन गये हैं।
नि:सन्देह यह प्रेमचंद की मुहावरेदार भाषा का जादुई करिशमा है कि वह जो चाहते हैं वह शब्दों में ढल जाता है। मूलत: उर्दू लेखक होने के कारण उर्दू का माधुर्य उसमें मौजूद है तो हिन्दी का लास्य भी। यही विशेषता उन्हें जन-सामान्य से जोड़ती है। जन-सामान्य और लोक भाषा से प्रतीति उन्हें कला और भाषा के क्षेत्र में नया उत्कर्ष प्रदान करती है। सहज संप्रेषणीयता, पात्रानुकूलता और कहावतों और मुहावरों का अनायास प्रयोग उनकी भाषा को मानवीय बना देता है। प्रेमचंद इसी भाषा का प्रयोग करते हुए सामाजिक विद्पर्ताओं और समस्याओं के मध्य आम भारतीय की अस्मिता का उद्घोष करते हैं।

संदर्भ:-

1. गोयनका कमल किशोर, प्रेमचन्द कहानी रचनावली (खण्ड एक), भूमिका से, पृड संडड?-37, साहित्य अकादेमी, रवीन्द्र भवन 35, फिरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001, संस्करण-2012 ईड
2. वही, पृड संड-38
3. मेघ डॉड? रमेश कुन्तल, पृड संड-ख, प्रेमचंद: हमारे समकालीन,संस्करण-1986
4. गोयनका कमल किशोर, प्रेमचन्द कहानी रचनावली (खण्ड एक), भूमिका से, पृड संड-63, साहित्य अकादेमी, रवीन्द्र भवन 35, फिरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001, संस्करण-2012 ईड
5. मानसरोवर के विविध भागों में संग्रहित कहानियाँ

International Research Journal | UGC JOURNAL No. - 44299 | ISSN-0975-4431

समकालीन कविता में आदिवासी-विमर्श

डॉ. कंचना सक्सेना
सहायक आचार्य - हिन्दी
राज. कला महाविद्यालय, कोटा (राज.)

मानव के विचार-मन्थन का निष्कर्ष ज्ञान-विज्ञान और भाव आन्दोलन का परिणाम अथवा निष्कर्ष रूप ही साहित्य है। साहित्य की विभिन्न विधाओं में काव्य का सर्वोपरि स्थान है। वस्तुत: मानवीय सम्वेदना और रागात्मक चेतना को अभिव्यक्त करने की जो शक्ति और सामर्थ्य काव्य में है, वह अन्य किसी भी साहित्य रूप अथवा कलात्मक प्रभेद में दुर्लभ है। सम्भवत: इसीलिए काव्य का सृजन मानव-इतिहास के प्रत्येक युग में हुआ है और इसकी महत्ता को भी मुक्त कंठ से स्वीकृति प्रदान की गयी है। काव्य-सृजन का क्रम युगत चेतना के अनुरूपी परिवर्तित होता रहता है।

सुदीर्घ अवधि तक साहित्य में रस और अलंकार को प्राथमिकता दी जाती रही है। इस स्थिति में साहित्य में महिला, दलित और आदिवासी को प्रश्रय कदाचित कम मिला है। हाशिये पर पड़ा समाज आजादी के बाद हिन्दी साहित्य की मुख्यधारा में आया। साहित्य समाज का दर्पण है। अत: सामाजिक गतिविधियों को रेखांकित करना साहित्यकार का परम कर्त्तव्य है।

पिछले दो-तीन दशकों में चले दलित-विमर्श के कोलाहल में आदिवासी आवाज़ सुनायी नहीं पड़ सकी है। दलित-विमर्श ने मनुवादी वर्णव्यवस्था का दंश, अस्पृश्यता और अपमान के मुद्दे को व्यापक रूप से रेखांकित किया, जबकि आदिवासी विमर्श में जमीन और जंगल से विस्थापन, पलायन तथा बाहरी तत्वों की घुसपैठ आदि मुद्दे प्रमुख हैं। मलखान सिंह धार्मिक मिथकों का मूल्यांकन करते हुए उन्हें नए सन्दर्भ के अनुकूल नया अर्थ प्रदान करते हैं-

देखो
बंद किले से बाहर
झाँककर तो देखो
बरफपिघल रही है
बछेड़े मार रहें है फुर्री
बैल धूप चबा रहे हैं
और एकलव्य

पुराने जंग लगे तीरों को
आग में तपा रहा है

अर्थात् एकलव्य के तीरों का केन्द्र व्यक्ति न होकर भारतीय समाज की वर्ण व्यवस्था है। इसमें मानवता का कोई स्थान नहीं।

नागपुरिया कवीयित्री मंजु ज्योत्स्ना निर्भीक और बेबाक दलित आदिवासी स्त्री का चित्रण करती हैं–

माँ
मेरी शादी मत करना पिता, मेरी शादी मत करना
मैंने देखी है–बुधनी की जिन्दगी
सुबह सवेरे उठकर, भात पकाकर
बाल बच्चे सम्भाल, खेत
खटती है
उसका जवर मर्द
साँझ, सवेरे, रात
जब चाहे उसे मारता है कितना
माँ मुझे पराये घर ना भेजना
मैं, बेटे की तरह कमाऊँगी
मत भेजना
माँ मुझे दूसरे के घर मत भेजना।(1)

इस कविता में शोध की सांस्कृतिक एवं धार्मिक परम्परा का पुरजोर विरोध है।

पंथाली कवयित्री निर्मला पुतुल की कविता में आदिवासी जीवन का ददर्द द्रष्टव्य है–

तुम्हारे हाथों बने पत्तल पर
भरते हैं पेट हजारों
पर हजारों पत्तले
भर नहीं पाते तुम्हारा पेट–(2)

शोषण की इंतहा ये है कि दिन–भर जी तोड़ मेहनत करके भी वह अपना पेट नहीं भर पाता। आदिवासी साहित्य और संस्कृति की जब हम बात करते हैं तो हम उस दुनिया से साक्षात्कार करते हैं जिनके पास परिवेश के साथ उनके भीतर अन्तर्निहित अन्त: सलिला की तरह बहती अकूत मनुष्यता और संघर्ष की जीवनी शक्ति है। संघर्ष का प्रतिबिम्ब देखिए–

धरती के इस छोर से उस छोर तक

मुट्ठी भर सवाल लिए मैं
दौड़ती–हाँफ्ती–भागती
तलाश रही हूँ सदियों से
निरन्तर.....
अपनी जमीन, अपनाघर
अपने होने का अर्थ।–(3)

पुतुल के इस अंकन में शताब्दियों से त्रसित, शोषित और संघर्ष की बेहद मार्मिक झांकी मिलती है।

आदिवासियों के साथ हो रहे सुलुक को सुरेन्द्र नायक ने उल गुलाल कविता में यथातथ्य रूप में अंकित किया है–

सोचते होंगे अब हम खुशहाल हैं
गलतफ्हमी है तुम्हारी
अरण्य पुत्रों के लिए कुछ भी नहीं बदला
वही गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी
सेठ, साहूकारों के शोषण
भ्रष्ठ पूँजीपति, नेताओं, माफ्यिों के दमन चक्र
विकास के नाम पर
हीराकुंड से लेकर सिंदूर नंदी ग्राम तक
हमारी जमीन हमारे जंगल से
हमें बेदखल करने के भीषणतम षडयन्त
अमानवीय उत्पीड़न
हक मांगने पर हमें मिलता है
चरमपंथी का तमगा और पुलिस की गोली
दिमाग की नसें फ्ट रही हैं
हम क्या करें?
आओ हमें तुम्हारी बहुत जरुरत है
लड़ने के लिए
एक और महासमर एक और उल गुलाल
गेहूँआ काले अंग्रेजों से
.....
मगर गरीबों को चबाने के लिए
वही मगरमच्छी दाँत

वही व्हेल सी आँत
.....
.....
मगर विकास दर में झाँकता
गरीब का चेहरा
फिर भी निस्तेज़.....(4)

भारतीय समाज में आदिवासी समाजवादियों से समाज की मुख्य धारा से कटकर जीवन यापन कर रहा है। आजादी के छह दशक बाद भी उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है, उसे हाशिये पर जीवन जीना पड़ रहा है। सेज के नाम पर उनके जंगल छीने जा रहे हैं उनकी जमीन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को बेची जा रही है। जो जंगल उनकी आजीविका के साधन हैं, ऐसी धरोहर को नष्ट किया जा रहा है। जंगलों से उनका पलायन हो रहा है, फिर भी नक्सलवादी कहकर सरेआम उन पर जुल्म ढाये जा रहे हैं।

राजमणि मांझी सरकम की 'विडम्बना' कविता द्रष्टव्य है–

एक ही देश में
उनका अलग परिवेश है
एक ही आकाश में
उनका अलग निवास है
एक ही दिन में
उनका अलग उजाला है
.....
एक ही मंदिर में
उनका अलग बाट है(5)

आदिवासियों को उचित स्थान तो मिला नहीं, अपितु उनकी एक ऐसी विद्रूप और रूढ़ छवि निर्मित कर दी गयी है जिससे उबरने में उन्हें सदियाँ लग सकती है। निर्मला पुतुल की कविता का अंश देखिए–

कहाँ हो तुम माया?
कहाँ हो?
कहीं हो सलामत या
दिल्ली निगल गयी तुम्हें? अब तो जान गयी न
कि यह जो दूर से चमचमाता शहर है
दिल्ली

नहीं हम जैसों के लिए
क्या तुम्हें ऐसा नहीं लगता माया?
कि वह एक ऐसा शमशान है जहाँ
जिन्दा दफ्न होने के लिए भी लोग लाईन
में खड़े हैं-(6)

आदिवासियों का संघर्ष जहाँ अपने जल, जंगल और जमीन से रहा, वहीं उपेक्षित और अनदेखे जनसमुदाय का साहित्य पीड़ा और आक्रोष की क्रान्ति का शंखनाद करता हुआ अपनी नयी पगडण्डी बनाना चाहता है।

सुशील कुमार की तुम्हारी कलम उनके पास रेहन है, का अंश उद्धृत करना चाहूंगी-

तुम्हारे शब्दों के जंगल से छूटते ही
वे आँखें मुझमें वापस लौट आयी हैं
जिसमें व्यवस्था के अंधेरे में बजाती
उन तवारिखों को पढ़ ली है
जिसे चरित्रहीनता और लालच की स्याही से
तुम्हारी सियासी कलम ने
हमें पालतु बनाये रखने की नीयत से गढ़ी है।
ये जानते हुए भी कि
हमने पुरखों को आदिम पशुता ने नोंच खायी थी।(7)

रुग्ण रुढ़ियों तथा परम्पराओं से मुक्त करवाने का प्रमुख दायित्व साहित्यकारों तथा कवियों का है। आदिवासी समाज के सोने के लिए धरती, खाने के लिए कन्दमूल, सिरहाने के लिए पत्थर तथा ओढ़ने को आकाश है। पहनने को पूरे वस्त्र के स्थान पर शर्म ढकने को बित्ती भर कपड़ा, फिर भी संतोषी जीवन। निर्मला पुतुल की कविता देखिये-

इसलिए जरुर पूछना चाहूँगी
कि नदी पर बाँध क्यों बन रहा है?
किसलिए ना जोख हो रही है हमारे
गोचर जमीन की?
क्या चीज़ का सर्वे चल रहा है?
और वह जो सड़क बन रही है
कितने की बजट की है?
इसका ठेकेदार कौन है?
कहाँ का है?
जरुर पूछना चाहूँगी-(8)

स्वतन्त्रता प्राप्ति के इतने लम्बे अंतराल पर भी उपेक्षित जनसमुदाय की स्थिति पर लेखिका की चिन्ता निश्चित ही समय की मांग है। उपेक्षित जन–समाज को नूतन दृष्टि से देखना हमारा परम कर्त्तव्य है–

बेडियाँ हैं जो दिखायी नहीं देती
फिर भी बँधते जा रहे हैं हाथ–पैर
चूँ तक करने की इजाजत नहीं है
किसी को भी
पता नहीं
आजादी से साँस लेने की ताकत
और कितनी शेष है
और कितनी बच रही है
सपने देखने की उमंग?
सुना है बेड़ी बिना पहिने, जीने का चलन
बंद हो चुका है यहाँ–(9)

ओम प्रकाश मेहरा की 'एक चमकदार सुबह और उसका इंतजार' कविता सामयिक परिवेश का जीवन्त दस्तावेज है। रमणिका गुप्ता की कविता आदिवासियों की स्थिति पर सम्वेदना प्रकट करती है। 'दृष्टिकोण बदलना होगा' का अंश देखिए–

मैं क्रांति चाहता हूँ
तो तुम हिंसा कहते हो
मैं अन्याय का विरोध करता हूँ
उसका सर कुचलता हूँ
जब मैं तीर चलाता हूँ
तो तुम नक्सलवादी कहते हो–(10)

समग्रत: हम कह सकते हैं कि आदिवासी के सपने तभी साकार होंगे तब वे स्वयं संघर्ष करें, स्वावलम्बी बनकर प्रश्नों के समाधान का प्रयास करें। शोषितों के प्रति संगठित होकर अपने साहस का परिचय दें। इतिहास साक्षी है कि अवोले शांत व्यक्ति का क्रोध बहुत खतरनाक होता है।

निर्मला पुतुल के शब्दों में–

धीरे–धीरे कवता–
अक्सर चुप रहने वाला आदमी
कभी न कभी बोलेगा

जरुर सिर उठाकर
चुप्पी टूटेगी एक दिन धीरे-धीरे उसकी
धीरे-धीरे सख्त होंगे उसके इरादे और तनेगी
मुट्ठियाँ आकाश में व्यवस्था के खिलाफ-(11)

आदिवासियों की यथास्थिति का अंकन सुशील कुमार की कविता में देखिए-यह बेहद अफ्सोस जनक है-

उनकी हवस हमेशा
तुम्हारी भूख पर भारी पड़ती है
जो तुमकों कूट पीसकर खाती है-(12)

संदर्भ

1. आदिवासी समाज दशा और दिशा, पृ.81
2. वही, पृ. 79
3. निर्मला पुतुल, अपने घर की तलाश में
4. सुरेन्द्र नायक, उल गुलाल युद्धरत आम आदमी, पृ. 64
5. राजमणि, युद्धरत आम आदमी, पृ.66
6. निर्मला पुतुल, अपने घर की तलाश में
7. सुशील कुमार, तुम्हारी कलम उनके पास रेहन है, युद्धरत आम आदमी, पृ.65
8. निर्मला पुतुल, अपने घर की तलाश में
9. ओमप्रकाश मेहरा, एक चमकदार सुबह और उसका इंतजार, युद्धरत आम आदमी, पृ. 67
10. रमणिका गुप्ता, दृष्टिकोण बदलना होगा
11. निर्मला पुतुल, अपने घर की तलाश में
12. सुशील कुमार, तुम्हारी कलम उनके पास रेहन है, युद्धरत आम आदमी, पृ.66

International Research Journal | UGC JOURNAL No. - 44299 | ISSN-0975-4431

राश्ट्रीय एकता-अखण्डता और भारतीय संविधान

डॉ.सुरेखा रेगे,
सहप्राध्यापक षास. महाविद्यालय
जीरापुर

भारत एशिया महाद्वीप का सर्वाधिक विविधता वाला विशालकाय देश है। भौगोलिक दृश्टि से एवं जनसंख्या की दृश्टि से दुनिया का एक बड़ा देश है। इसके विभिन्न भागो में विभिन्न भाशा विभिन्न जातियों उप जातियों तथा अलग-अलग धर्म संस्कृति कें लोग निवास करते है।जिनके आचरण - व्यवहार, मान्यताएँ।निश्ठा कही समान एवं स्वस्थ सोच के साथ राश्ट्रहित को बढ़ावा देने वाली है तो कहीं ऐसी विरोधाभासी है जो राश्ट्रीय एकता-अखण्डता को चोट पहुँचाने वाली साबित हो रही है। यह स्थिति आजादी के समय से वर्तमान मोदी सरकार तक दिखाई देती है। ब्रिटिश राज में 'फूट डालो राज करो' की नीति के कारण संकीर्ण साम्प्रदायिक ताकतें सिर उठाती रही तथा ब्रिटिश सरकार इसका उपयोग अपने साम्राज्यवादी स्वार्थों की पूर्ति और राश्ट्रवादी धारा को कमजोर करने के लिए करता रहा।

स्वतंत्रता के बाद भी ,धर्म , जाति,भाशा , संस्कृति एवं क्षेत्रीय विभिन्नताओ का फायदा राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने के लिए उठाते रहे। इन आधारो पर कभी तो भारत के राज्यो का पुर्नगठन हुआ तो भी 'रामजन्म भुमि-बाबरी मस्जिद' के विवाद को तुल देकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी या हटाई गई। कभी गो माँस को लेकर दंगे फ्साद और वारदातें हुई। कुछ भी हो ये सब बाते राश्ट्र की एकता-अखण्डता के लिए शुभ संकेत नहीं है।

अत: भारतीय संविधान में देश की अखण्डता की रक्षा के लिए कतिपय उपबंध किए गए है। (अ) राश्ट्रीय एकता का प्रष्न और स्वतंत्रता आन्दोलन-

व्मारे राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन में मुख्यत: दो शक्ति धाराएँ कार्य कर रही थी।पहली धारा जिनका नेतृत्व महात्मा गाँधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कर रही थी। इसमें सभी राष्ट्रवादी तत्व शामिल थे जो जाति ,धर्म, प्रदेश, भाषा आदि के संकीर्ण बन्धनो से मुक्त होकर देश को ब्रिटिश साम्रज्यवादी दासता से मुक्ति दिलाने का प्रयास कर रहे थे। दुसरी धारा साम्प्रदायिकता की थी।मुख्यत: मोहम्मद अली जिन्ना के नेंतृत्व में कार्यरत मुस्लिम लीग कर रही थी। लीग ने 1938 में दो राष्ट्र सिद्धान्त का प्रतिपादन कर 1940 में यह माँग की कियदि बिटेन भारत को स्वतंत्रता प्रदान करता है उसे देश का विभाजन कर मुस्लिमो के लिए '' मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र के आधार पर एक पृथक राष्ट्र का निर्माण करना चाहिए क्योंकि भारतीय मुसलमान एक अलग जाति नही वरन् एक अलग राष्ट्रीयता का निर्माण करता है जिसे पाकिस्तान नाम दिया गया इसकी प्राप्ति के लिए देश में हिंसक आन्दोलन प्रारंभ किए गये तथा 15 अगस्त 1947 को जब

भारत को आजादी दी गई तो एक दिन पूर्व 14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान का निर्माण कर दिया गया जिसे वैधानिक पुष्टि'' भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947'' मे कर दी गई।

इस घटना से देश में बड़े पैमाने पर हिन्दु-मुस्लिमो में अविश्वास-विद्वेष का जहर व्याप्त हो गया। सदियों से शांतिपुर्ण ढंग से साथ-साथ रहने वाले दोनो सम्प्रदायों के लोगों में व्यापक स्तर पर हिंसा मारकाट होने लगी।परिणाम स्वरूप महात्मा गाँधी का 'राष्ट्रीय स्वाधीनता और एकता' प्राप्त करने का लक्ष्य कालान्तर में असंभव सा प्रतीत होने लगा। यह जहर आज सन् 2018 में भी दिखाई देता है।

''केबिनेट मिशन योजना'' में देश की अखण्डता को बचाने हेतु एक त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था की योजना प्रस्तुत की गई जिसमें एक सीमित अधिकारों वाली केन्द्रीय सरकार, शक्तिशाली प्रान्तीय सरकारों तथा उनके मध्य साम्प्रदायिक, भौगोलिक आधार पर निर्मित तीन समूह सरकारों की स्थापना की व्यवस्था थी। लीग ने इस योजना को अस्वीकार कर पाकिस्तान निर्माण की माँग को तेज कर दिया। परिणामस्वरूप ''माउन्टबेटन योजना और देश का विभाजन पाकिस्तान का निर्माण'' अस्तित्व में आया। डॉ. सुभाष कश्यप के अनुसार- ''कांग्रेस को दो बुराईयो मे से एक को चुनना था - देश विभाजन या गृहयुद्ध।'' कांग्रेस ने देश के विभाजन को कम बड़ी बुराई समझा क्योंकि नेताओ को यह स्पष्ट हो गया था कि यदि देश का विभाजन न हुआ तो केन्द्र दुर्बल रहेगा और कांग्रेस और लीग की मिली-जुली सरकार चल न पाएगी,देश प्रगति नहीं कर सकेगा, उसमें बराबर मुसीबतें बनी रहेगी और भारत संघ के अंग बराबर उससे अलग होने का प्रयास करते रहेंगे।

(ब) राष्ट्रीय एकता अखण्डता की रक्षा हेतु भारतीय संविधान के कतिपय उपबंध एवं व्यवस्थाएँ-

भारतीय इतिहास संविधान सभा का मार्गदर्शन कर रहा था। मुस्लिम बहुल प्रदेशों के अलग होने के बावजूद देश के बचे हुए अन्य प्रदेशो मेंविद्यमान विभिन्न जाति,भाषा, धर्म संस्कृति की विभिन्नताओ के मध्य राष्ट्रीय एकता-अखण्डता को सुदृड़ बनाए रखने में सक्षम ऐसे संविधान का निर्माण करना एक बड़ी चुनौती थी। संविधान सभा ने यह कार्य बखुबी सम्पन्न किया। उसमे तात्कालीन परिस्थितियों और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान मे रखते हुए एक ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसका मुख्य रूप देश में विद्यमान विविधताओ को जीवित और विकसित होने का अवसर प्रदान करने वाला होने के बावजुद उन्हे राष्ट्रीय एकता राष्ट्रप्रेम के सुदृड़ सूत्र में बाँधने वाला था।अर्थात हमारे शासन का स्वरूप संघात्मक होते हुए भी एकात्मक होगा तथा परम्परागत रूप से प्रान्तीय स्वतंत्रता पर कम सुदृढ़ केन्द्र पर अधिक जोर देने वाला था।

अत: इस व्यवस्था को कायम करने के लिए संविधान में निम्न उपबंध रखे गए

(1) संविधान में फेडरल नही 'यूनियन' षब्द का प्रयोग है - संविधान सभा द्वारा भारत के लिए जिस संघ-

राज्य की स्थापना की गई उसका आधार एक केन्द्रीकृत संघ राज्य का है। इसलिए संविधान निर्माताओ ने संविधान की पहली धारा में जिस अंग्रेजी शब्द का प्रयोग किया गया है वह फेडरल नही ''यूनियन'' है अर्थात भारत संघात्मक राज्य नहीं वरन् राज्यों का एक संघ है। भारतीय संविधान का बहिरंग संघात्मक है पर अंतरंग एकात्मक है। हमारे शासन में संघात्मक और एकात्मक दोनो शासन के लक्षण पाए जाते है। भारतीय संविधान में संघात्मक शासन के ये लक्षण मौजूद है-(1) लिखित, कठोर संविधान (2) शक्ति का बँटवारा केन्द्र-ईकाईयो में संविधान के द्वारा (3) संविधान की सर्वोच्चता (4) न्याय पालिका के पास न्यायिक पुर्नविलोकन की शक्ति।

भारत में ''युनियन'' शब्द का प्रयोग एकता के प्रतीक के रूप मे है। युनियन शब्द कनाड़ा के संविधान से लिया गया है।

भारत संघ का निर्माण अमेरिकी संघ की तरह नहीं हुआ है। जिसमे पहले से ही स्वतंत्र और संप्रभुत्व सम्पन्न राज्यों ने स्वेच्छा से संघ की सदस्यता ग्रहण की हो अमेरिकी संघ स्वेच्छा से परस्पर मिलन का परिणाम है यह संघ निर्माण की केन्द्रकरण की विधि है। भारत मे संघ निर्माण की ''विघटन विधि को अपनाया गया है'' इसमे एकात्मक शासन को संघात्मक मे बदला जाता है। यह कार्य संविधान द्वारा किया जाता है।स्पष्ट है कि भारत मे ब्रिटिश शासन के दौरान एकात्मक शासन थातथा शक्तिशाली केन्द्र सरकार थी। शासन की कुशलता और व्यवस्था हेतु उन्होने पुर्व प्रान्तो को संघ की इकाईयो के रूप में बदल दिया किन्तु उन पर शासन की सर्वोच्च शक्ति नियंत्रण गवर्नर जनरल का अर्थात केन्द्रीय सरकार का होता था। यही व्यवस्था स्वतंत्र भारत के संविधान ने अपना ली।

(2) सुदृड़ एवं षक्तिषाली केन्द्रीय सरकार -

भारतीय संविधान एक शक्तिशाली केंन्द्रीय सरकार का गठन करता है। देश के विभाजन, साम्प्रदायिकता, भाषावाद, प्रान्तवाद, जातिवाद, पृथकवादी राग आदि के कारण केन्द्र को शक्तिशाली बनाना न्यायोचित समझा गया ताकि देश की अखण्डता को बनाए रखा जा सके। साथ ही भारत की उन 500 देशी रियासतों को भारत में विलय करना था जिन्हे अंग्रेजी सरकार ने स्वतंत्र छोड़ दिया था। लोहपुरूष सरदार पटेल के प्रयासों से कश्मीर को छोड़कर सभी देशी रियासतों का भारत मे विलय हुआ। ये रियासतें पुन: पृथकतावाद की ओर अग्रसर न हो इसलिए शक्तिशाली केन्द्र की आवश्यकता अनुभव की गई।

स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान साम्प्रदायिकता का उत्थान एक दुसरा कारण था जिसने केन्द्रवाद को पनपने की उर्वराभुमि प्रदान की। शक्तिशाली केन्द्र हमे मुगल एवं ब्रिटिश शासन से विरासत में प्राप्त व्यवस्था थी। आवागमन-संचार के साधनो के तीव्र विकास ने केन्द्रीय सत्ता को और अधिक शक्तिशाली बनाया तथा प्रान्तीय एवं स्थानीय शासन की स्वायत्तता को और अधिक सीमित कर दिया।ब्रिटेन के लिए यह एक साम्राज्यवादी और प्रशासनिक आवश्यकता थी। भारत को अपने अधीन रखने के लिए उस पर कठोर नियंत्रण रखना पड़ा।सन् 1919 और1935 के ब्रिटिश भारत के शासन के अधिनियमों द्वारा स्थानीय और प्रान्तीय शासन को कितने ही अधिकार दिए गए हो। अन्तत: सत्ता हमेंशा

ब्रिटिश शासको ही हाथ में रही।

(3) षक्तिविभाजन केन्द्र के पक्ष में –

भारतीय संविधान ने इसी व्यवस्था को स्वीकारते हुए शक्तिशाली केन्द्र की स्थापना की। इस हेतु राष्ट्रीय महत्व के 97 विषय संघसूची में रखे गए। अवशिष्ट सूची केन्द्र को दी गई । केन्द्र कुछ परिस्थितियो में राज्यसुची के विषयो पर भी परकानून बना सकता है। समवर्ती सूची पर केन्द्र राज्य के कानूनो में विरोधाभास होने पर केन्द्र का कानून मान्य होगा। राज्य सूची के विषयों पर संसद कानून बना सकती है यदि (1) राज्य सूची का विषय राष्ट्रीय महत्व का घोषित कर दिया गया हो। (2) दो या दो से अधिक राज्य विधानसभा की प्रार्थना पर संसद राज्य सूची के विषयों पर कानून बना सकती है। (3) विदेशी राज्यो से संधि या समझौतो का पालन करने के लिए (4) आपातकाल की घोषणा होने पर (5) राज्यो में संवैधानिक तंत्र की विफलता होने पर (6) कुछ विधेयको को प्रस्तावित करने और कुछ को अन्तिम स्वीकृति हेतु केन्द्र का अनुमोदन आवश्यक।

(4) इकहरी नागरिकता –

इकहरी नागरिकता की यह व्यवस्था भारत की एकता को बनाए रखने की दृष्टि से रखी गई है। भारत में नागरिक को राज्यो की नागरिकता प्राप्त नहीं है जैसी अमेरिका में होता है।

(5) संघ–राज्यो के लिए एक ही संविधान –

भारत में राज्यो को अपने पृथक संविधान बनाने का अधिकार नहीं है। वे संविधान संशोधन के लिए पहल नहीं कर सकते है, केवल अनुमोदन का अधिकार उन्हे प्राप्त है।

(6) राज्यो को संघ से अलग होने का अधिकार नहीं है–

पूर्व सोवियत संघ एवं स्ट्जरलैण्ड की तरह भारत का कोई भी राज्य भारत संघ से अलग होने की माँग नहीं कर सकता है ।ऐसा यदि कोई राज्य करता है तो केन्द्र सरकार उनकी पृथकतावादी माँगो एवं आन्दोलनों को सख्ती से कुचल सकती है। जैसे पंजाब में खलिस्तान की माँग को कुचल दिया गया ।ऐसी माँग करने वाले नागरिको पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जा सकता है।

(7) राश्ट्रपति की आपातकालीन षक्तियाँ–

अनुच्छे352 बाह्य आक्रमण होने या आशंका होने पर अथवा आन्तरिक क्षेत्र में विद्रोह होने की स्थिति में देश में या देश के किसी भी भाग में आपातकाल की घोषणा की जाकर वहाँ का शासन केन्द्रीय सरकार के द्वारा या उसके निर्देशो से चलाया जावेगा। अनु.356 राज्यो में संवैधानिक तंत्र विफल होने पर संबंधित राज्य में आपातकाल लागु कर वहां का शासन केन्द्र सरकार अपने हाथो में ले सकती है। अनु. 360 वित्तीय आपात की शक्ति भी केन्द्रीय सरकार को प्राप्त है ।आपात काल में संघात्मक शासन एकात्मक शासन मे बदल जाता है।

(8) राज्यो में राज्यपालो की नियुक्ति राश्ट्रपति द्वारा–

संयुक्त राज्य अमेरिका में राज्य के गवर्नर का चुनाव राज्य की जनता करती है किन्तु भारत में राज्यपालों की

नियुक्ति राज्य में राश्ट्रपति द्वारा की जाती है तथा वह राश्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद पर कार्य करता है। राज्यपाल चाहे राज्य का संवैधानिक प्रधान हो किन्तु अधिकांशत: वह केन्द्र के एजेन्ट के रूप में कार्य करता है। वह राज्यपाल पर नियंत्रण रखता है। आपात काल लगाने के लिए वह राश्ट्रपति को सिफारिश कर सकता है।

(9) संसद राज्यो के नामो में परिवर्तन कर सकती है तथा उनके क्षेत्र में कमी-वृद्धि या नवीन राज्य का निर्माण आादि कर सकती है।

(10) मूलभूत विशयों में एकरूपता-

राष्ट्र की एकता बनाए रखने के लिए राष्ट्र में मुलभूत विषयो मे एकरूपता जैसे

(1) एकीकृत न्यायिक ढाँचा

(2) सारे देश में फौजधारी-दीवनी कानूनों में समानता।

(3) विभिन्न राज्यो एवं संघ के प्रमुख पदो के लिए अखिल भारतीय सेवाएँ

(4) एक ही चुनाव आयोग तथा वित्तीय में एक ही नियंत्रक महालेखा परीक्षक

(11) आर्थिक दृश्टि से राज्यो की केन्द्र पर निर्भरता-

भारत में राज्य आर्थिक दृष्टि से आत्मनिभर नही है ।अत: उन्हे समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा अनुदान दिए जाते है ताकि उनका विकास हो सके इससे राज्यों की स्वतंत्रता नाम मात्र की रह जाती है।

(12) राज्य सरकारो को निर्देष देना तथा संघीय कार्य सौपना-

संविधान के अनु.256 के अनुसार प्रत्येक राज्य की कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग इस प्रकार होगा कि संसदीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करे। अनुं 257 में राज्य की कार्यपालिका को निर्देश देने की शक्ति संघ को प्राप्त है तथा संघ राज्यो को कोई भी कार्य सौंप सकता है।

(ङ्क3) योजना आयोग एवं अन्तर्राज्यीय परिशदे, क्षेत्रीय परिषदों को केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है ।संघ राज्य पर अपना प्रभाव स्थापित करता है।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि भारतीय संविधान का सशक्त केंन्द्र का यह आधार प्रान्तीय स्वायत्तता और शुद्ध संघात्मक शासन के समर्थको के लिए आलोचना का विषय बना। उन्होने इसे एक सड़क कुट इंजन के समान राष्ट्रीय एकता-अखण्डता रक्षा के लिए स्थापित अंग कहा। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश का आज तक का इतिहास इस बात का साक्षी है कि इस संविधान द्वारा स्थापित केन्द्रीय शासन व्यवस्था की शक्ति के कारण ही देश में समय-समय पर सिर उठाने वाली पृथकतावादी-आतंकवादी गतिविधियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करने व देश की अखण्डता एवं अस्मिता को बनाएँ रखने में एक सक्षम साधन सिद्ध हुआ है। अत: एक ऐसी राष्ट्रविभाजक और अलगाव वादी शक्तियों का दमन करने और राष्ट्र की एकता-अखण्डता को अक्षुण बनाए रखने की दृष्टि से संवैधानिक आधार पर एक सशक्त कैन्द्रीय सरकार की स्थापना का निर्णय समय की कसौटी पर खरा उतरा है तथा पृथकतावादी झंझावतों से देश

की रक्षा करने में अद्भूत समता का परिचय दिया है।

सन्दर्भ ग्रन्थो की सूची

(1) उमाकान्त तिवारी – द मेकिंग ऑफद इण्डियाज कांस्टिट्यूशन

(2) पी.बी. गजेन्द्रगडकर – द कांस्टिट्यूशन ऑफ इण्डिया इट्स फ्लिासॉफी एंड बेसिक पोस्टबूलेट्स

(3) कांस्टिट्यूएन्ट असेम्बली डिबेट्स खण्ड 5

(4) प्यारेलाल – महात्मा गाँधी – लास्ट फेज

(5) डॉ. सुभाष कश्यप – संवैधानिक विकास एवं स्वाधीनता संघर्ष

(6) डॉ. पुखराज जैन – ''भारत शासन और राजनीति''

(7) डॉ. बी. एल. फडिया – ''भारत शासन और राजनीति''

(8) वी.पी. मैनन – ''द ट्राँसफर ऑफपावर इन इण्या''

(9) डॉ. रामधारी सिंह दिनकर – ''संस्कृति के चार अध्याय''

(10) डॉ. रजनी कोठारी – ''कास्ट इन इण्डियन पालिटिक्स''

International Research Journal | UGC JOURNAL No. - 44299 | ISSN-0975-4431

Impact of Tight Fitted Clothes on Health of Men and Women

Dr. Smita Jain.
Associate Professor
Institute for Excellence in Higher Education,
Bhopal

Introduction

We wear clothes to fulfill our basic needs, like- protection, adornment, identification, modesty and status. In its broadest sense, clothing is defined as the coverings of the torso and limbs, as well as the coverings for the hands, feet and head. Well-fitted garment is a source of satisfaction and looks nice. A well-fitted garment has optimum amount of ease and its seam lines follow the general silhouette of the body. Any fitted garment is judged by its appearance on the wearer and its success depends a great deal in its fitting. Fitting is the act of trying of clothes so that they can be adjusted to fit. Fitted garments are comfortable and allow the wearer to perform normal activites. They also fit snugly on the body of the wearer. They drape neatly and sets without any wrinkles without sagging or projecting out and will also be well balanced.

The way we wear our clothes, style and combining them with accessories reflect our personality. Wearing of too-tight apparels and accessories are in fashion today. Slimming approach turns more and more people to opt for tight-fitting dress up. Use of body shaping garment trend is more popular among women as compared to men. But wearing of too-tight clothing does not make us look good all the time, or enhances our personality. On the contrary, many studies have shown that wearing too-tight fitting clothes can lead to different health problems.

Many of us wear tight clothes to look slim, beautiful and young. Even if our body is

